प्रज्ञा

महाविद्यालय पत्रिका

2022 - 2024

तमसो मा ज्योतिर्गमय

S.G.R.R. P.G. COLLEGE DEHRADUN Estd. 1960

श्री गुरु राम राय (पी.जी.) कॉलेज

देहरादून (उत्तराखण्ड)

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त संस्थान

NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

An Autonomous Institution of the University Grants Commission

Certificate of Accreditation

The Executive Committee of the

National Assessment and Accreditation Council

is pleased to declare the

Shri Guru Ram Rai (P.G.) College

Pathri Bagh, Dehradun,

affiliated to Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Uttarakhand as

Accredited

with CGPA of 2.76 on four point scale

at B++ grade

valid up to March 21, 2027

Date : March 22, 2022

Director

EC(SC)/98/3rd Cycle/UKCOGN14126

प्रज्ञा

महाविद्यालय पत्रिका

2022 - 2024

तमसो मा ज्योतिर्गमय

S.G.R.R. P.G. COLLEGE
DEHRADUN
Estd. 1960

सम्पादक
प्रो० सुमंगल सिंह
विभागाध्यक्ष
हिन्दी विभाग

श्री गुरु राम राय (पी.जी.) कॉलेज
देहरादून (उत्तराखण्ड)

संरक्षक
मेजर प्रदीप सिंह
प्राचार्य

सम्पादक
प्रो० सुमंगल सिंह
हिन्दी विभाग

सम्पादक-मंडल
प्रो० हर्षवर्धन पन्त
डॉ० आनन्द सिंह राणा
डॉ० ज्योति पाण्डे
डॉ० अनुपम सैनी

छात्र-सम्पादक
करन सिंह, बी.ए. षष्ठम् सेमेस्टर
इरम फातिमा, एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर

आवरण एवं पृष्ठ संयोजन
प्रो० हर्षवर्धन पन्त
डॉ० आनन्द सिंह राणा

प्रकाशक
प्राचार्य
श्री गुरु राम राय (पी.जी.) कालेज,
पथरीबाग, देहरादून (उत्तराखण्ड)

मुद्रक
सरस्वती प्रेस,
2 ग्रीन पार्क, देहरादून
दूरभाष : 9358865676

महाविद्यालय के संरक्षक

पूज्य श्री महन्त देवेन्द्रदास जी महाराज

सज्जादा नशीन

पीठासीन श्री महन्त,
दरबार श्री गुरु राम राय, देहरादून

श्री महन्त देवेन्द्र दास
सज्जादा नशीन

दूरभाष:
कोठी : 2624810
कार्यालय : 2623635

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि श्री गुरु राम राय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून की वार्षिक पत्रिका "**प्रज्ञा**" का संयुक्तांक प्रकाशित होने जा रहा है।

शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है, इसलिए यह आवश्यक है कि निश्चित पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ-साथ सृजनात्मकता को भी अभिव्यक्ति एवं विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाय, व्यक्तित्व के इस बहुमुखी विकास में महाविद्यालय की पत्रिका एक उपयुक्त व सशक्त मंच प्रदान कर सकती है।

मुझे आशा है कि "**प्रज्ञा**" पत्रिका में रोचक, श्रेष्ठ एवं सुरुचिपूर्ण रचनाएं प्रकाशित की जायेंगी, जो पाठकों के ज्ञान में अभिवृद्धि के साथ-साथ उन्हें सकारात्मक जीवन मूल्यों के प्रति अग्रसर करेंगी।

मैं प्राचार्य महोदय, संपादक मण्डल तथा समस्त महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देता हूँ तथा "**प्रज्ञा**" चारों ओर ज्ञान का प्रकाश फैलाए यह मंगलकामना करता हूँ।

(श्री महन्त देवेन्द्र दास)

डॉ. धन सिंह रावत
मंत्री
चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा
सहकारिता, उच्च शिक्षा, संस्कृत शिक्षा,
विद्यालयी शिक्षा

उत्तराखण्ड सरकार

विधान सभा भवन
कक्ष सं. : 20
फोन : 0135-2666304
फैक्स : 0135-2666308 (का.)

शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि श्री गुरु राम राय पी०जी० कॉलेज, देहरादून के द्वारा वार्षिक पत्रिका "**प्रज्ञा**" का प्रकाशन किया जा रहा है।

इस पत्रिका के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लेखों द्वारा अपनी सृजनात्मक प्रतिभा को अभिव्यक्त करने का अवसर प्राप्त होगा।

महाविद्यालयों एवं अकादमिक संस्थाओं के लिए यह वांछनीय ही नहीं अपितु आवश्यक भी है, कि छात्र-छात्राओं की लेखन क्षमता और उनके सम्पूर्ण अकादमिक विकास को प्रोत्साहन देने के लिए इस प्रकार की वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन हो।

इस दृष्टि से महाविद्यालय का यह सराहनीय प्रयास है, मैं इस वार्षिक पत्रिका के प्रकाशन और आगामी वर्षों में इसके उज्जवल भविष्य के लिए कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं संप्रेषित करता हूँ।

(डॉ० धन सिंह रावत)

त्रिवेन्द्र सिंह रावत

संसद सदस्य
(लोकसभा)

सत्यमेव जयते

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हुआ कि श्री गुरु राम राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून अपनी वार्षिक पत्रिका ''प्रज्ञा'' का द्विवार्षिकांक प्रकाशित करने जा रहा है।

यह महाविद्यालय उत्तर भारत की शिक्षा का प्रमुख केन्द्र रहा है। यहाँ से शिक्षा प्राप्त कर अनेक प्रतिभाएँ विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं।

''प्रज्ञा'' में प्रकाशित विद्वान गुरुजन एवं छात्र-छात्राओं की लेख भावी पीढ़ी हेतु प्रेरणादायक होंगे।

पत्रिका के सफल प्रकाशन हेतु महाविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

(त्रिवेन्द्र सिंह रावत)

सुबोध उनियाल
मंत्री
Subodh Uniyal
Minister

उत्तराखण्ड सरकार

वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन
उत्तराखण्ड सरकार, देहरादून-248 001
Forest, Technical Education
Language & Election
Govt. of Uttarakhand, Dehradun-248 001

संदेश

श्री गुरु राम राय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून द्वारा वर्ष 2022-23 व 2023-24 के लिए अपनी पत्रिका "प्रज्ञा" का संयुक्तांक प्रकाशन की उल्लासपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है।

यह महाविद्यालय उत्तर भारत में शिक्षा का अग्रणी केन्द्र रहा है। महाविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त प्रतिभाएं विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश एवं देश का नाम रोशन कर रही हैं। आशा है महाविद्यालय भविष्य में सफलता की नई ऊंचाईयाँ प्राप्त करेगा एवं पत्रिका का संयुक्तांक महाविद्यालय के अध्यापकगण व अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के रचनात्मक लेख/ कृतियों से सराबोर होगा।

महाविद्यालय की पत्रिका "प्रज्ञा" के सफल प्रकाशन हेतु मेरी सतत् शुभकामनाएं।

(सुबोध उनियाल)

कक्ष संख्या-124-125, प्रथम तल, विधानसभा भवन, देहरादून-248 001, उत्तराखण्ड
Room No.- 124-125, Ist Floor, Vidhan Sabha Bhavan, Dehradun-248001, Uttarakhand
☎ +91-135-2666671 Fax- +91-135-2665 855, Mail us to: ministryuk1@gmail.com

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर (गढ़वाल)-246174, उत्तराखण्ड, भारत
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal)-246174 Uttarakhand, India
(A Central University)

प्रो० अन्नपूर्णा नौटियाल
कुलपति

Prof. Annpurna Nautiyal
Vice-Chancellor

Ph. No. : 01346-250260
Fax No. : 01346-252174

संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि श्री गुरु राम राय (पी.जी.) कॉलेज, देहरादून की वार्षिक पत्रिका ''प्रज्ञा'' का संयुक्तांक (2022-23 एवं 2023-24) प्रकाशित होने जा रहा है। इस अवसर पर मैं महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित करती हूँ।

श्री गुरु राम राय (पी.जी.) कॉलेज श्री गुरु राम राय एजुकेशन मिशन का एक महत्वपूर्ण अंग है। इस मिशन ने शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, चिकित्सा तथा विज्ञान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मानव कल्याण की भावना से कार्य करते हुए श्रेष्ठता तथा गुणवत्ता आयाम स्थापित किये हैं।

आशा करती हूँ कि महाविद्यालय पत्रिका ''प्रज्ञा'' में ऐसी ज्ञानवर्धक, मौलिक तथा वैविध्यपूर्ण रचनाओं का समावेश किया जायेगा जो विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने के साथ-साथ उन्हें नवसृजन के लिए प्रेरित करेगी।

मैं महाविद्यालय पत्रिका ''प्रज्ञा'' के सफल प्रकाशन की मंगलकामना करती हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(अन्नपूर्णा नौटियाल)

Website: www. hnbgu.ac.in E-mail: vc@hnbgu.ac.in, hnbguvc@gmail.com

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

हल्द्वानी – 263139 (नैनीताल)

E-mail-Higherducation.director@gmail.com

डा0 अन्जु अग्रवाल
प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा)

संदेश

महोदय,

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि श्री गुरु राम राय (पी०जी०) कॉलेज, देहरादून अपनी वार्षिक पत्रिका "प्रज्ञा" के संयुक्तांक (सत्र 2022–23 एवं 2023–24) का प्रकाशन करने जा रहा है।

मुझे आशा है कि वार्षिक पत्रिका में ऐसी महत्वपूर्ण ज्ञानवर्धक एवं सारगर्भित पाठ्य सामग्री प्रकाशित की जायेगी जिससे छात्रों का सही मार्गदर्शन होगा और उनके जीवन–दर्शन, कार्य–संस्कृति और अध्ययन रूचि में आवश्यक रचनात्मक बदलाव आयेगा। छात्र–छात्राओं को अभिव्यक्ति का अवसर प्राप्त होगा एवं उनके व्यक्तित्व विकास में सहायता मिलेगी।

मै उक्त पत्रिका के प्रकाशन के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य, सम्पादक मण्डल, समस्त प्राध्यापकों एवं छात्र/ छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाऐं प्रेषित करती हूँ।

(डॉ० अन्जु अग्रवाल)

कक्ष संख्या–124–125, प्रथम तल, विधानसभा भवन, देहरादून–248 001, उत्तराखण्ड

Room No.- 124-125, Ist Floor, Vidhan Sabha Bhavan, Dehradun-248001, Uttarakhand

☎ +91-135-2666671 Fax- +91-135-2665 855, Mail us to: ministryuk1@gmail.com

विनोद चमोली
विधायक
धर्मपुर विधान सभा क्षेत्र

सदस्य विधान सभा
उत्तराखण्ड

निवास : 130/6, ओल्ड नेहरू कॉलोनी, देहरादून
दूरभाष (का.) : 0135-2655620
दूरभाष (आ.) : 0135-2651060
फैक्स : 0135-2651060
मोबाइल : 9410148510

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष हो रहा है कि श्री गुरु राम राय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका "प्रज्ञा" का संयुक्तांक प्रकाशित किया जा रहा है। महाविद्यालय परिवार द्वारा किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय है। आशा है कि पत्रिका के माध्यम से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की प्रतिभा को निखारने एवं उन्हें समाज की मुख्य धारा में जोड़ने हेतु प्रेरित करने का प्रयास किया जायेगा। सारगर्भित एवं प्रेरणादायक लेखों का समावेश कर पत्रिका को उपयोगी एवं महत्वपूर्ण बनाया जायेगा।

श्री गुरु राम राय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय, देहरादून द्वारा प्रकाशित पत्रिका "प्रज्ञा" की लोकप्रियता एवं सफलता हेतु सम्पादक मण्डल को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

(विनोद चमोली)

उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, फैक्ल्टी लॉज, देहरादून–248001

संयुक्त निदेशक, उच्च शिक्षा

E-mail - jdhedehradun@gmail.com

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि श्री गुरु राम राय (पी०जी०) कॉलेज देहरादून द्वारा अपनी वार्षिक पत्रिका ''प्रज्ञा'' के संयुक्तांक 2022–23 एवं 2023–24 का प्रकाशन किया जा रहा है।

विद्यालय पत्रिकाएं छात्र–छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने का कार्य करती है साथ ही उनकी सृजनात्मक प्रतिभा को नए आयाम भी मिलते हैं। मैं विश्वास करता हूँ कि विद्यालय की वार्षिक पत्रिका विद्यालय के छात्र–छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित करने की दिशा में सहायक सिद्ध होगी।

मैं विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''प्रज्ञा'' के सफल प्रकाशन हेतु अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

(डॉ0 आनन्द सिंह उनियाल)

From the ***Principal's*** *Desk*

NURTURING EXCELLENCE IN THE LEGACY OF VISION AND VALOUR

As I ponder to address our esteemed readers through this platform of our college magazine, I am reminded not only of our rich history but also of the profound responsibility that comes with carrying forward the legacy of our founder, Poojya Maharaj Brahamleen Shri Mahant Inderesh Charan Dass Ji. His vision was not just to create an educational institution but to build a community that would foster critical thinking, creativity, and character building. He believed that education was the key to unlocking the potential of individuals and society. His dream was to create a generation of leaders who would drive positive change and make a difference in the world.

Established in 1960, our college stands as a testament to our Founder's visionary leadership and unwavering commitment to education, freedom, and nation-building. Today, as we navigate the currents of academia in the 21st century, it is imperative that we reflect on our achievements, acknowledge our challenges, and chart a course that aligns with our esteemed founder's principles.

Our college has earned a prestigious B++ grading from NAAC, and College with potential for Excellence (CPE) by UGC in the second phase. This is a testament to our commitment to quality education and holistic development. This achievement reflects the always available whole hearted support and guidance of our Honourable Secretary, His Holiness Shri Mahant Devendra Dass Ji Maharaj and the College Managing Committee. It also speaks of the dedication and hard work of our IQAC, faculty, staff, and most importantly, our students and other stake holders. It serves as a milestone, but not the destination. We must continue striving for excellence in every facet of our academic journey.

We need our students to be curious, to question, and to seek answers. We nurture them to be critical thinkers, problem solvers, and effective communicators. Hence, besides good academic results and

University Merit Positions, our NCC, NSS, Sports, Cultural and Rangers/ Rovers units boast numerous accolades and achievements, showcasing the spirit of camaraderie, discipline, leadership and service among our students, who have made us proud by participating in various national and international events, showcasing their talent and dedication and brought laurels to the institution.

The National Education Policy (NEP) 2020 was implemented in our institution from the academic session 2022-23. To address the focus of NEP on skill development and experiential learning, the college has started three new certificate courses for students, viz, 'Indian Linguistic Thoughts', 'Web Designing' and 'Vedic Mathematics', from the session 2023-24. Pre existing skill courses on 'Spoken English' and ' Physiochemical Analysis of Water & Milk' are also running.

It is important to bolster our research activities. I believe that our research endeavours are currently at a moderate level. However, this should not dissuade us but inspire us to aim higher, to delve deeper into the realms of knowledge creation and innovation. We need to encourage and support our faculty members to take up research projects, collaborate with other institutions, and publish papers in reputed journals.

Research, as we know, is the cornerstone of progress and transformation. It is through research that we push the boundaries of human understanding, solve complex problems, and pave the way for a brighter future. As future leaders and thinkers, it is incumbent upon each one of us to nurture a culture of curiosity, inquiry, and discovery within our college.

We have a good number of research scholars in Department of Mathematics and a fair number in some of our other research departments. To this end, I urge our faculty to mentor and guide our students in research pursuits, providing them with the necessary resources and support. Let us foster interdisciplinary collaborations that transcend traditional boundaries and ignite new ideas. Let us embrace emerging fields of study and harness the power of technology to drive meaningful change.

Moreover, as we embark on this journey of academic excellence, let us not forget the values that define us as a community – integrity, empathy, and inclusivity. Our college prides itself on providing a nurturing environment where every student feels valued and respected. Let us uphold these principles in everything we do, both within and outside the classroom.

We have made significant strides in recent years to upgrade our infrastructure and expand our curriculum. As we look to the future, let us also celebrate our past achievements and learn from our experiences. Our college has a rich history of producing not just scholars, but leaders in various fields-be it politics, academia, arts, or business. We all have to strive to shape the minds of the future so that ultimately each student of this esteemed institution, carries the potential to leave an indelible mark on society.

Our cherished collective goal finally is to create an environment that encourages learning, growth, and exploration. Therefore, to our students, I say that the world needs

you now more than ever. Be bold, be fearless, and be true to yourself. Take risks, challenge the status quo, and make a difference. To our faculty and staff, I say thank you for your dedication, expertise, and hard work. You are the backbone of this institution, and I am grateful for your commitment. To our alumni, I say that we are proud of your achievements. You are our ambassadors, and we look up to you as role models.

Let us remember that education is not merely about acquiring knowledge, but about using that knowledge to make a positive impact on the world around us. Let us strive for excellence in every endeavour, with a spirit of perseverance and a commitment to continuous improvement. Together, let us write the next chapter in the illustrious story of our college, guided by the principles of our visionary founder. We will continue to uphold the values that define us and forge a path towards a future filled with promise and possibilities.

In the coming years, I envision our college to be a hub of academic excellence, research, and innovation. I see our students and faculty members working together to create new knowledge, solve real-world problems, and make a positive impact on society. I see our college as a place where creativity, critical thinking, and character are nurtured and celebrated. Education is the key to unlock the golden door of freedom. Let us continue to unlock that door and create a brighter future for ourselves and for generations to come.

In the end, I extend my heartfelt gratitude to His Holiness Poojya Maharaj Ji, Secretary of the College Managing Committee for his untiring support and valuable guidance. I also thank the editorial team of college magazine for commendable compilation, and to each one of you for your dedication, passion, and enthusiasm. I am hopeful that this edition of Pragya will be appreciated by our esteemed readers.

With warm regards

Pradip Singh

सम्पादकीय

श्री गुरुराम राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'प्रज्ञा' का संयुक्तांक नई उम्मीद एवं उत्साह के साथ आपके सम्मुख प्रस्तुत करने जा रहा हूँ। किसी भी संस्था की पत्रिका उस संस्था की चेतना और चिन्तन प्रतिभा में निखार लाने का माध्यम होती है, शिक्षण संस्थाओं में मात्र पुस्तकीय ज्ञान ही पर्याप्त नहीं अपितु विश्व-परिवार में अपनी पहचान बनाने के लिए विद्यार्थियों को चहुँमुखी विकास के अवसर प्रदान करना ही शिक्षण संस्थाओं का दायित्व है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर शिक्षण कार्य के साथ-साथ शिक्षण संस्थाओं के अनेकानेक शिक्षणेत्तर कार्य कलापों का आयोजन भी किया जाता है।

महाविद्यालय की पत्रिका विद्यार्थियों के लेखन क्षमता और मौलिक सृजना की अभिव्यक्ति को अवसर देती है। इन्हीं नन्हें अर्थपूर्ण प्रयासों से परिमित होकर विद्यार्थी भविष्य में लेखक पत्रकार बनकर साहित्य और समाज की सेवा करते हैं। यद्यपि आज वैज्ञानिक जगत के प्रामाणिक सत्य ने साहित्य के भाव जगत और कल्पना क्षेत्र के सम्मुख प्रश्न खड़ा कर दिया है, किन्तु यह भी सत्य है कि साहित्य हृदय की रागात्मक प्रवृत्ति को जागृत और उसका परिष्कार भी करता है। यह प्रवृत्ति ही समाज में सामंजस्य पैदा करती है। जीवन्त समस्याओं का चित्रण करके साहित्यकार एवं पत्रकार समाज के प्रति सोचने के लिए वाध्य करता है तथा संवेदना सहानुभूति एवं आवेग आदि को जगाने के साथ ही परमुखापेक्षिता से बचाता है। महाविद्यालय की पत्रिका भी कमोवेश इन्हीं आयामों को पूर्ण करने का प्रयास करती है।

आज भारत के शिक्षा-जगत में नई शिक्षा प्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है, राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने के लिए जुलाई 2020 में हमारी केन्द्रीय सरकार द्वारा एक नई शिक्षा नीति को मंजूरी दी गई है। नई शिक्षा नीति का उद्देश्य छात्रों की सोच और रचनात्मक क्षमता को बढ़ाकर सीखने की प्रक्रिया को और कुशल बनाना है। नई शिक्षा नीति में स्कूल स्तर के साथ-साथ उच्च शिक्षा में कई बदलाव सम्मिलित है। 29 जुलाई, 2020 को कस्तूरी रंगन की अध्यक्षता में नई शिक्षा नीति बनाई गई, यह शिक्षण के क्षेत्र में सरकार द्वारा की गई उत्कृष्ट पहल है। जो कि वर्ष 2023 तक धरातल पर उतार दी गई है। उचित बुनियादी शिक्षा प्राप्त करना भारतीय संविधान के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है।

नई शिक्षा नीति में सीखने के लिए पुस्तकों को बोझ बढ़ाने के बजाय व्यावहारिक शिक्षा पर जोर दिया गया है। छात्रों को पाठ्यक्रम के विषयों के साथ-साथ सीखने की इच्छा रखने वाले पाठ्यक्रम का चयन करने की भी स्वतंत्रता होगी। इस तरह कौशल विकास को भी प्रोत्साहन मिलेगा। नई शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य एक बच्चे को कुशल बनाने के साथ-साथ जिस क्षेत्र में वह रूचि रखता है उसी क्षेत्र में उन्हें प्रशिक्षित करना भी है। इस तरह सीखने वाले अपने उद्देश्य और अपनी क्षमताओं का पता लगाने में सक्षम होते हैं। नई शिक्षा नीति में शिक्षक का शिक्षण और प्रशिक्षण

प्रक्रियाओं में सुधार पर जोर दिया गया है।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली वर्ष 1986 की मौजूदा शिक्षा नीति में किये गये परिवर्तनों का परिणाम है। इसे शिक्षार्थी और देश के विकास को बढ़ावा देने के लिए लागू किया गया है, नई शिक्षा नीति बच्चों के समग्र विकास पर केन्द्रित है। इस नीति के तहत वर्ष 2030 तक अपने उद्देश्य को प्राप्त करने का लक्ष्य है।

'प्रज्ञा' के प्रकाशन में प्राचार्य महोदय ने विभिन्न शासकीय दायित्वों का निर्वाह करते हुए हमें अनुग्रहित किया है। समय-समय पर उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया है। जिसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूँ। साथ ही समस्त विभागाध्यक्षों का भी मैं आभार व्यक्त करता हूँ। जिन्होंने गुरु महिमा का निर्वाह करते हुए समय-समय पर विभागीय आख्या उपलब्ध करवाकर सहयोग प्रदान किया।

'प्रज्ञा' के प्रकाशन के लिए मैं विशेष रूप से पूज्य महाराज जी श्री देवेन्द्र दास महाराज जी का विशेष आभारी हूँ जिनके कुशल निर्देशन में श्री गुरु राम राय शिक्षा संस्थान दिन दूनी और रात चौगुनी प्रगति कर रहा है। परम् पूज्य महाराज जी के आशीर्वाद स्वरूप ही पत्रिका का यह संयुक्तांक आपके सम्मुख है।

अन्त में मैं अपने सम्पादक मण्डल के सदस्यों के सफल मार्गदर्शन का आभारी हूँ जिन्होंने पत्रिका सम्पादन में अपना बहुमूल्य समय दिया उनके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं है।

पत्रिका प्रकाशन की सफलता एवं उद्देश्य की पूर्णता इस बात पर निर्भर करती है कि पाठकों की अभिव्यक्तियां किस सीमा तक संतुष्ट हो पाती है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 'प्रज्ञा' का यह अंक छात्र/छात्राओं, लेखकों, पाठकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा और नई स्फूर्ति जागृत करेगा।

प्रो० सुमंगल सिंह
सम्पादक

छेदों से भरपूर खोखला, बांस आता किस काम,
छू देने से देव तुम्हारे, बना मधुर मुरली अभिराम,
मेरी वीणा से निकले स्वर, छू दो प्रभु करुणा के साथ,
जिससे गूंजा करे निरन्तर, सरस तुम्हारा पावन गाथ।

– **राम बहोरी शुक्ल**

अनुक्रमणिका

- एक बार फिर भगवत गीता की ओर! 2
- नारी तू लाचार नहीं 3
- हिमालय का महत्व और वर्तमान वैश्विक चुनौतियां 4
- रामचरितमानस का महाकाव्यत्व 7
- वही सच्चा गुरु कहलाता है 8
- पर्यावरण एवं सतत् विकास.... 9
- कैसे करें लक्ष्य की प्राप्ति? 10
- हिंदू संस्कृति में नारी 11
- मुश्किले तो बहुत हैं 11
- सफल होना काफी नहीं है जीवन की असली... 12
- काम ऐसा करो कि पहचान बन जाये 13
- पत्रकारिता 14
- महिला सशक्तिकरण-एक विवाद 15
- विरासत के आयाम 16
- प्रदूषण 17
- चलो! आज इस दिल को समझाया जाए 17
- मसूरी ट्रेकिंग टेल्स 18
- कुछ शब्द ईश्वर से 19
- स्वयं की पहचान 19
- भारतीय साहित्य में नारी चित्रण 20
- हिन्दुस्तान रहेगा 21
- विश्वविद्यालयों में ध्यान की शिक्षा 22
- पहला सुख निरोगी काया - कैसे? 23
- जंगलों में आग लगाया न करो 24
- महिला सशक्तिकरण 25
- बाल मिठाई 26
- उच्च शिक्षा में गणित की स्थिति 27
- नशीले पदार्थ के दुरूपयोग 28
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 29
- भ्रष्टाचार 30
- कॉलेज की दुनिया 30
- चार लोग 31
- पिता 31
- फिर क्या होगा ? 31
- मेरी कहानी- मेरी माँ 32
- ईजा (माँ) 32
- कॉलेज अभी बाकी था 33
- उत्तराखण्ड की एक झलक 34
- सब जाग रहे तू सोता रह 35
- बेटियाँ 35
- जुनून 36
- खुद (याद) 36
- नई शिक्षा नीति में राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व 37
- नई शिक्षा नीति में राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व 38
- श्री राम भजन 39
- EMERGING TRENDS AND CAREER... 40
- IDEAL WOMAN-LIVE FOR YOURSELF 41
- FIBONACCI NUMBER 42
- THE USE OF ELECTRICITY TO CONTROL... 44
- WHAT IS GOD PARTICLE? 45
- NATIONAL CADET CORPS 46
- FATHER OF FIBER OPTICS: DR. NARINDER... 49
- INTERESTING FACTS ABOUT PHYSICS 50
- VIPASSANA MEDITATION: A JOURNEY TO INSIGHT... 51
- NECESSITY TO BAN POLYTHENE OR PLASTIC BAGS 52
- COLLEGE TREK: A MEMORABLE DAY 53
- NEW EDUCATION POLICY 54
- NAVIGATING THE LANDSCAPE OF ARTIFICIAL... 55
- MARS COLONIZATION 57
- PRAFULLA CHANDRA RAY 58
- SCHRODINGER'S CAT PARADOX 59
- THE WALLET'S NEW BEST FRIEND... 60
- MY EXPERIENCE IN COLLEGE 61
- AN OPPORTUNITY FOR INTERNSHIP: 62
- SILKYARA TUNNEL OPERATION 63
- MY LOVELY UTTARAKHAND 64
- EMPOWERING WOMEN EMPOWERMENT FOR..... 65
- MY COLLEGE 66
- CHEMISTRY IN THE KITCHEN 67
- EFFECTS OF CYBERSPORTS ON TODAY'S..... 68
- LIFE OF A SCIENCE STUDENT 68
- ATTACHMENT THEORY 69
- IMPORTANCE OF NEP- 2020 71
- OVERCOMING BAD HABITS FOR 73
- THE DARK SIDE OF SOCIAL MEDIA 74
- DO YOU KNOW? 75
- A PHILOSOPHICAL EXPLORATION OF TIME 76
- CONNECTION BETWEEN MUSIC 77
- WOMEN EMPOWERMENT 79
- FROM SURVIVING TO THRIVING.... 80
- IMPACT OF SOCIAL MEDIA ON SOCIAL.... 81
- THE ENDURING MAGIC OF HARRY.... 82
- ECONOMICS OF SUGAR INDUSTRY IN 83
- ARUNDHATI ROY: A PROLIFIC WRITER 84
- VASONTASAV: A CELEBRATION OF..... 86
- ARTIFICIAL INTELLIGENCE AND ITS.... 87
- BEST STUDENT 88
- THE HEART BREAKING REALITY OF STREET.... 88
- MAKEUP IS THE ART OF BEAUTY 89
- INTERESTING FACTS ABOUT INDIA 90
- MENTAL HEALTH MATTERS 91
- GHOST VILLAGES OF UTTARAKHAND 93
- THE RISE OF ONLINE EDUCATION 94
- MY GOLDEN DAYS IN SGRR PG COLLEGE.... 95
- PLEASE GIVE UP! 96
- GAMES / SPORTS 97
- REPORTS : NCC, NSS, CULTURAL ACTIVITIES 99
- REPORTS OF DEPARTMENTS 104

एक बार फिर भगवत गीता की ओर!

श्री कृष्ण.... जिसका अर्थ है आकर्षण... रमण। एक ऐसा नाम जो स्वयं देव है, जो परिवर्तन शील है। श्री कृष्ण की सादगी उनकी बांसुरी से स्पष्ट होती है। वे संसार के पहले उपदेशक हैं। वे श्री वेद व्यास की भगवत गीता के कथावाचक हैं।

आज हम युगों के कलयुग स्वरूप में है, जहां धर्म, सत्य, अहिंसा और मर्यादा खतरे में है, जहां मानवता केवल नाममात्र है। वहां आज प्रत्येक व्यक्ति को आवश्यकता है वापिस अपने इतिहास को देखने की, वापिस भगवत गीता की ओर जाने की। भगवत गीता का अर्थ है.... प्रत्येक प्रश्न का हल...सभी दुखों का निवारण। भगवत गीता में आत्मा, परमात्मा, भक्ति, कर्म, जीवन आदि का वृहद रूप से वर्णन किया गया है। गीता में श्री कृष्ण ने स्पष्ट रूप से संसार की वास्तविक स्थिति का वर्णन किया है।

''अंत अस्ति प्रारंभ''

अर्थात् लगाव ही पीड़ा है.......करुणा ही क्रूरता है.... अंत ही आरंभ है।

प्रेम क्या है?... श्री कृष्ण के अनुसार प्रेम समर्पण है, श्री कृष्ण ने कहा कि लगाव ही पीड़ा है अर्थात् हमारे कष्ट मोह से उत्पन्न होते हैं, यदि हम बिना स्वार्थ के प्रेम करना सीख जाएं और अपेक्षा ना करें तो हम एक सच्चे प्रेमी हैं, ये प्रेम किसी के भी प्रति हमारी त्याग की भावना को दर्शाता है, वो हमारे ईश्वर, माता-पिता, भाई-बहन, हमारे मित्र और हमारे प्रेमी हो सकते हैं। यदि हम मोह से बाहर आकर कार्य करते हैं तो बंधन मुक्त हो जाते हैं। और बंधन से मुक्त होना ही सच्चे प्रेमी की परिभाषा है।

बिना शर्त प्रेम करना सीखे,
बिना बुरे इरादे बात करना...
बिना किसी कारण देना सीखे...
बिना अपेक्षा परवाह करना।

नि:स्वार्थ भाव-हम की भावना ही निस्वार्थ है। अगर आपमें सभी को साथ लेकर चलने की भावना है, तो आप अपनी बुद्धि से उस परिस्थिति के मुताबिक काम करेंगे। अगर आपकी मानसिकता सभी को साथ लेकर चलने की नहीं है, अगर आपकी सोच में 'तुम' और 'मैं' अलग-अलग हैं, तो आप जो भी करेंगे, वह गलत ही होगा।

कृष्ण का पूरा का पूरा जीवन बस इसी बात को दर्शाता है। उनके जीवन में 'तुम' और मैं नहीं था। बस 'मैं और मै' या 'तुम और तुम' ही था। चाहे वे गोपियों के साथ हों, चाहे वे एक राजनेता के तौर पर काम कर रहे हों या फिर वे गीता का उपदेश दे रहे हों, उनका संदेश हमेशा एक ही था-सभी को अपने साथ समाहित करने का। एक बार जब सिर्फ 'मैं और मैं' वाली बात आ जाए, तो कर्म तो बस परिस्थिति और उचित निर्णय से तय होता है।

धर्म क्या है?

श्री कृष्ण के अनुसार धर्म, कर्म पर निर्भर है और कर्म परिस्थितियों पर निर्भर आधारित है। स्वधर्म अर्थात् कर्म से ही हमारे मूल धर्म का निर्माण होता है। धर्म मनुष्य को दूसरे मनुष्य के साथ, सृष्टि के साथ सुख से जीने का ज्ञान देता है, धर्म मनुष्य के सारे संघर्षों का नाश करता है पर यह संभव है कि किसी मनुष्य को दूसरे मनुष्य से सुख प्राप्त होता है, परन्तु जब प्रेम और विश्वास होता है तो धर्म की नींव रखी जाती है।

यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानम सृज्याहम।।

कर्म क्या है? स्वयं को पहचानना मानव कर्म है।

गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि मनुष्य को फल की इच्छा छोड़कर कर्म पर ध्यान देना चाहिए। मनुष्य जैसा कर्म करता है, उसे फल भी उसी के अनुरूप मिलता है। इसलिए व्यक्ति को अच्छे कर्म करते रहना चाहिए।

श्रीकृष्ण के अनुसार व्यक्ति को खुद से बेहतर कोई नहीं जान सकता, इसलिए स्वयं का आकलन करना बेहद जरूरी है। गीता में कहा गया है कि जो व्यक्ति अपने गुणों और कमियों को जान लेता है वह अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके हर काम में सफलता प्राप्त कर सकता है।

इन्द्रियों पर नियंत्रण

हमारा मन ही हमारे दुखों का कारण होता है। ऐसे में श्रीकृष्ण ने गीता में कहा है कि जिस व्यक्ति ने अपने मन पर काबू पा लिया वह मन में पैदा होने वाली बेकार की चिंताओं और इच्छाओं से भी दूर रहता है। साथ ही व्यक्ति को अपने लक्ष्य को भी आसानी से प्राप्त कर लेता है।

अच्युतम केशवं कृष्ण दामोदरं, राम नारायणं,
जानकी वल्लभं।।
श्रीधरम माधवम गोपिका वल्लभं जानकी नायकम,
रामचन्द्रम हरे।।

भगवत गीता प्रत्येक व्यक्ति की मार्गदर्शक है बस आवश्यकता है इसे बेहतर तरीके से समझने की, और अपने स्वयं के जीवन में कार्यान्वयन करने की।

हरे कृष्णा, हरे कृष्णा....कृष्णा कृष्णा हरे हरे।
। कृष्णम् सदा सहायते।

लक्ष्मी शर्मा
बी०ए०, 5th सेमेस्टर

नारी तू लाचार नहीं

नारी तू लाचार नहीं
तेरा देह कोई व्यापार नहीं
तुझसे ही ये संसार बना
तेरी इज्जत कोई खिलवाड़ नहीं।
तू वशंज है उस नारी की
जिस का जग में प्रतिकार नहीं
भले शीश कटाना आता था।
पर शीश झुकाना स्वीकार नहीं
वो रानी लक्ष्मीबाई थी।
जो सिंहनी बन कर गरज उठी
रख पद गोरों के शीशों पर
बन बिजली नभ में चमक उठी
अब तू बन लक्ष्मीबाई और
रख अपने कर में शस्त्र जरा
बन बिजली गिर उन लोगों पर
जिनके मन में है पाप भरा।

तू उस दुर्गा की बेटी है
जिसकी क्रोधाग्नि में विश्व जला
जो रणचण्डी बन भभक उठी
दैत्यों को भू में दिया मिला
काली बन जिसने प्रहार किया।
निज क्रुद्ध स्वरूप विस्तार किया
सज उठी पहन मुण्डों की माल
सब दुष्टों का संहार किया।
जब समय पड़े तो काली माँ
बनकर तू हाहाकार मचा
गंदे कर्मों की चोटी पर
निज स्वाभिमान की लगे ध्वजा

-ज्योति कठायत
बी०एससी०, 6th सेमेस्टर

हिमालय का महत्व और वर्तमान वैश्विक चुनौतियां

''युग-युग से है अपने पथ पर,
देखो कैसा खड़ा हिमालय।''
''डिगता कभी न अपने प्रण से,
रहता प्रण पर अड़ा हिमालय।''

-सोहनलाल द्विवेदी

एशिया के मध्य में स्थित हिमालय पर्वत श्रृंखला, जिसे प्राय: 'विश्व की छत' (Roof of the World) भी कहा जाता है, सदियों से अपनी अद्भुत सुंदरता और आकर्षण से मानव कल्पना को लुभाती रही है।

हालांकि, इसके शांत मुखौटे के पीछे बढ़ती पर्यावरणीय चुनौतियों की एक कहानी छिपी हुई है। हाल के समय में हिमालय ने अभूतपूर्व और चिंताजनक चुनौतियों की एक श्रृंखला का सामना किया है जो उसके अस्तित्व को खतरे में डालती है।

जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से हिमनदों के पिघलने एवं मौसम के पैटर्न में बदलाव आने से लेकर बड़े पैमाने पर शहरीकरण और अस्थिर विकास अभ्यासों तक, हिमालयी क्षेत्र को तबाही की एक लहर का सामना करना पड़ रहा है, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

हिमालय की महता

सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व: हिंदू, बौद्ध और जैन धर्म सहित विभिन्न संस्कृतियों एवं धर्मों द्वारा हिमालय को एक पवित्र और आध्यात्मिक केन्द्र माना जाता है। हिमालयी क्षेत्र कई प्रतिष्ठित तीर्थ स्थलों, मठों और मंदिरों का घर है और प्राय: ध्यान, आत्मज्ञान, आत्म-खोज आदि से संबद्ध किया जाता है।

जैव विविधता हॉटस्पॉट: हिमालयी क्षेत्र को विश्व के जैव विविधता हॉटस्पॉट में से एक माना जाता है और यह वैश्विक पारिस्थितिक संतुलन में योगदान देता है। हरे-भरे वनों से लेकर अल्पाइन घास के मैदानों तक, इसके विविध पारिस्थितिक तंत्र पादप एवं जंतु प्रजातियों की एक समृद्ध विविधता को आश्रय देते हैं, जिनमें से कुछ इस क्षेत्र के लिये विशिष्ट हैं।

जल स्रोत: हिमालय के हिमनद (glaciers) और हिमक्षेत्र (snowfields) गंगा, सिंधु, ब्रह्मपुत्र और यांग्त्जी जैसी प्रमुख नदियों के लिये जल स्रोत के रूप में कार्य करते हैं। ये नदियां दक्षिण एशिया में लाखों लोगों के जीवन एवं आजीविका में योगदान करती है। इन नदियों का जल कृषि, जल विद्युत उत्पादन और अनुप्रवाह क्षेत्र में स्थित शहरी केन्द्रों को सहारा देता है।

जलवायु विनियमन: हिमालय आसपास के क्षेत्रों और उससे परे भी जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे मानसून पैटर्न को प्रभावित करते हैं जो भारत, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में जीवनदायिनी वर्षा लाते हैं। हिमालय के हिमनद वैश्विक जलवायु परिवर्तन के संवेदनशील संकेतक भी हैं।

भू-वैज्ञानिक महत्व: हिमालय की उत्पति इंडियन प्लेट और यूरेशियन प्लेट के बीच जारी टकराव का परिणाम है। इस भूवैज्ञानिक प्रक्रिया ने भूदृश्य को आकार दिया है और इस क्षेत्र में भूकंपीय गतिविधि को प्रभावित करना जारी रखा है। हिमालय का अध्ययन पृथ्वी की विवर्तनिक शक्तियों के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है और पर्वत निर्माण की गतिशीलता को समझने में वैज्ञानिकों की मदद करता है।

1. अनियंत्रित शहरीकरण का हिमालय पर प्रभाव:

दोषपूर्ण विकास: चमोली में भूस्खलन के बाद अवरुद्ध सडकें, उत्तराखण्ड में जोशीमठ का धंसना, हिमालय के चंबा में सड़क का धंसना आदि हिमालयी क्षेत्र में संस्थागत दोषपूर्ण विकास प्रतिमान का प्रतीक है।

इसरो (ISRO) के राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केन्द्र (National Remote Sensing Centre) के एक अध्ययन से पता चला है कि रुद्रप्रयाग और टिहरी जिले देश के सबसे अधिक भूस्खलन प्रभावित जिले हैं। एक विशाल अवसंरचना परियोजना 'चारधाम महामार्ग विकास परियोजना' लाखों वृक्षों की कटाई, वृहत वन भूमि के अधिग्रहण और संवेदनशील नाजुक हिमालयी क्षेत्र की उपजाऊ ऊपरी मृदा की क्षति का कारण बनी है।

2. अनियमित पर्यटन: पर्यटन आर्थिक लाभ उत्पन्न कर सकता है, लेकिन अनियंत्रित पर्यटन स्थानीय संसाधनों और पारिस्थितिकी तंत्र पर दबाव भी डाल सकता है। पर्वतीय क्षेत्रों पर पर्यटन और ग्रामीण से शहरी प्रवास (rural-to-urban migration) का बोझ उनकी वहनीय क्षमता से अधिक दबाव डाल रहा है। अकेले 2022 में ही तीर्थयात्रियों सहित 100 मिलियन पर्यटकों ने उत्तराखण्ड की यात्रा की। विशेषज्ञ चेतावनी देते रहे हैं कि क्षेत्र की वहन क्षमता से अधिक अनियमित पर्यटन विनाशकारी प्रभाव उत्पन्न कर सकता है।

3. **बढ़ता तापमान:** हिमालय अन्य पर्वतमालाओं की तुलना में अधिक तीव्र गति से गर्म हो रहा है भवन निर्माण में प्रबलित कंक्रीट (reinforced concrete) का बढ़ता उपयोग, जो पारंपरिक लकड़ी और पत्थर के प्रयोग को प्रतिस्थापित कर रहा है, हीट-आइलैंड प्रभाव (heat-island effect) उत्पन्न कर सकता है जिससे क्षेत्रीय तापन/वार्मिंग में और वृद्धि होगी।

सांस्कृतिक क्षरण: पारंपरिक हिमालयी समुदायों की विशिष्ट सांस्कृतिक प्रथाएं और जीवनशैली रही हैं जो उनके प्राकृतिक परिवेश से निकटता से संबद्ध है। असंवहनीय शहरीकरण पारंपरिक ज्ञान, रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक पहचान के क्षरण का कारण बन रहा है।

हिमालय से संबंधित पारिस्थितिकी चुनौतियां

जलवायु परिवर्तन और हिमनदों का पिघलना: हिमालय जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे अनुप्रवाह में नदियों में जल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। यह उन समुदायों के लिये उल्लेखनीय जोखिम पैदा करता है जो कृषि, पेयजल और जलविद्युत के लिये हिमनदों के पिघले जल पर निर्भर हैं।

ब्लैक कार्बन का संचय: ग्लेशियरों के पिघलने का सबसे बड़ा कारण वायुमंडल में ब्लैक कार्बन एरोसोल (black carbon aerosols) का उत्सर्जन है। ब्लैक कार्बन प्रकाश का अधिक अवशोषण करता है और इंफ्रा-रेड विकिरण उत्सर्जित करता है जिससे तापमान बढ़ता है। इस प्रकार, हिमालयी क्षेत्र में ब्लैक कार्बन में वृद्धि ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने में योगदान करती है। गंगोत्री हिमनद पर काले कार्बन का जमाव बढ़ रहा है, जिससे इसके पिघलने की दर बढ़ रही है। गंगोत्री सबसे तेजी से सिकुडता हिमनद भी है।

प्राकृतिक आपदाएँ: हिमालय युवा व वलित पर्वतमाला है जिसका अर्थ है कि वे अभी भी ऊपर की ओर बढ़ रही है और विवर्तनिक गतिविधियों (tectonic activities) के लिये प्रवण है। इससे यह क्षेत्र भूस्खलन, हिमस्खलन और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील हो जाता है। जलवायु परिवर्तन इन घटनाओं की आवृत्ति और गंभीरता को बढ़ा सकता है, जिससे जीवन की हानि, संपति की क्षति और अवसंरचना में व्यवधान की स्थिति बन सकती है।

मृदा अपरदन और भूस्खलन: वनों की कटाई, निर्माण गतिविधियां और अनुपयुक्त भूमि उपयोग अभ्यासों से मृदा अपरदन एवं भूस्खलन का खतरा बढ़ जाता है। वनस्पति आवरण की हानि हिमालयी ढलानों को अस्थिर कर देती है, जिससे वे भारी वर्षा या भूकंपीय घटनाओं के दौरान अपरदन/कटाव के प्रति संवेदनशील हो जाते हैं। आक्रामक प्रजातियां पारिस्थितिक तंत्र के नाजुक संतुलन को बाधित करती हैं और स्थानीय प्रजातियों के अस्तित्व को खतरे में डालती हैं। हिमालय में पाए जाने वाले तीन औषधीय पादप प्रजातियों (मेइजोट्रोपिस पेलिटा, फ्रिटिलारिया सिरोहोसा, डैक्टाइलोरिजा हैटागिरिया) को हाल ही में मूल्यांकन के बाद संकटग्रस्त प्रजातियों की रेड लिस्ट में शामिल किया गया है।

हिमालयी क्षेत्र की सुरक्षा से संबंधित सरकारी पहलें

1. **सुस्थिर हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र हेतु राष्ट्रीय मिशन (National Mission on Sustaining Himalayan Ecosystem):** इसे वर्ष 2010 में लांच किया गया था और यह 11 राज्यों (हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, सिक्किम, सात पूर्वोत्तर राज्य एवं पश्चिम बंगाल) और 2 केंद्रशासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख) को दायरे में लेता है। यह जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना (National Action Plan on Climate-NAPCC) के तहत क्रियान्वित आठ मिशनों में से एक है।

2. **सिक्योर हिमालय परियोजना (Secure Himalaya Project):** यह वैश्विक वन्यजीव कार्यक्रम (Global Wildlife Program) के सतत विकास के लिये वन्यजीव संरक्षण और अपराध रोकथाम पर वैश्विक साझेदारी (Global Partnership on Wildlife conservation and Crime Prevention of Sustainable Development) वैश्विक वन्यजीव कार्यक्रम का एक भाग है, जो वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Global Environment Facility- GEF) द्वारा वित्तपोषित है। यह उच्च हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र में अल्पाइन चरागाहों और वनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा देता है।

3. **मिश्र समिति रिपोर्ट 1976:** एम.सी मिश्र (गढ़वाल क्षेत्र के तत्कालीन कमिश्नर) की अध्यक्षता में गठित समिति ने जोशीमठ में भूमि धंसाव पर अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किये। समिति ने इस क्षेत्र में भारी निर्माण कार्य, सड़क मरम्मत एवं अन्य निर्माण के लिये बोल्डर हटाने हेतु विस्फोट करने या खुदाई करने और पेड़ों

की कटाई पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की।

हिमालयी पारिस्थितिक तंत्र की सुरक्षा के लिये अन्य उपाय

GLOFS के लिये NDMA दिशानिर्देश: अनियमित पर्यटन की समस्या को नियंत्रित करने के लिये राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (National Disaster Management Autority-NDMA) ने नियमों की एक श्रृंखला की अनुशंसा की है जो एक बफर जोन का निर्माण करेगी और हिमानी झील के फटने से उत्पन्न बाढ़ (Glacial Lake Outburst Floods-GLOFs) के प्रवण क्षेत्रों में पर्यटन को प्रतिबंधित करेगी ताकि उन क्षेत्रों में प्रदूषण के पैमाने को कम किया जा सके।

सीमा-पास सहयोग: हिमालयी देशों को एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का निर्माण करने की आवश्यकता है, जो हिमनद झीलों आदि से उत्पन्न जोखिमों की निगरानी करेगा और खतरों की पूर्व-चेतावनी देगा। यह पिछले दशक हिंद महासागर के आसपास स्थापित सुनामी चेतावनी प्रणालियों जैसा हो सकता है। इन देशों को पर्वतमाला और वहां की पारिस्थितिकी के संरक्षण के बारे में ज्ञान की साझेदारी एवं प्रसार करना चाहिये।

शिक्षा और जागरूकता: यदि हिमालयी क्षेत्र के लोग अपने पर्वतीय परिवेश की भूवैज्ञानिक भेद्यता और पारिस्थितिक संवेदनशीलता के बारे में अधिक जागरूक होते तो वे निश्चित रूप से इसकी रक्षा के लिये कानूनों एवं विनियमों के अधिक अनुपालन के लिये बाध्य होते। भारत और अन्य प्रभावित देशों को अपने स्कूली पाठ्यक्रम में हिमालय के भूविज्ञान और पारिस्थितिकी के आधारभूत ज्ञान को शामिल करना चाहिये। यदि छात्रों को अपने पर्यावरण के बारे में शिक्षण प्रदान किया जाए तो वे जमीन से अधिक जुड़ाव महसूस करेंगे और इसके बारे में अधिक जागरूक होंगे।

स्थानीय स्वशासन की भूमिका: हिमालयी राज्यों के नगर निकायों को भवन-निर्माण की मंजूरी देते समय अधिक सक्रिय भूमिका निभाने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन की उभरती चुनौतियों से निपटने के लिये भवन निर्माण संबंधी नियमों को अद्यतन करने की आवश्यकता है। आपदा प्रबंधन विभागों को अपने दृष्टिकोण को अभिनव रूख प्रदान करने और बाढ़ की रोकथाम एवं पूर्व-तैयारियों पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

अन्य महत्वपूर्ण कदम

- आपदा के पूर्वानुमान और स्थानीय आबादी एवं पर्यटकों को सचेत करने के लिये पूर्व-चेतावनी और बेहतर मौसम पूर्वानुमान प्रणाली का होना।
- क्षेत्र की नवीनतम स्थिति की समीक्षा करना और ऐसी संवहनीय योजना तैयार करना जो संवेदनशील क्षेत्र की विशिष्ट आवश्यकताओं एवं जलवायु प्रभावों का ध्यान रखती हो।
- वाणिज्यिक पर्यटन के प्रतिकूल प्रभावों पर संवाद शुरु करना और पारिस्थितिक पर्यटन (ecotourism) को बढ़ावा देना।
- किसी भी योजना के कार्यान्वयन से पहले विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR), पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) और सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) जारी करना।
- मौजूदा बांधों की संरचनात्मक स्थिरता में सुधार के लिये उन्हें उन्नत करना और बाढ़ की घटनाओं के बाद नियमित निगरानी को प्राथमिकता देना।

हिमालय संरक्षण, हमारा दायित्व

हिमालय के मुद्दे पर अब सभी के गंभीर होने की बारी है, जिस तरह से इसके संसाधनों पर गत दशकों में आक्रमण हुआ है और प्रकृति ने अपना गुस्सा प्रकट करना शुरु कर दिया है, हमारे लिए खतरे की घंटी बज गई है। हिमालय के मौजूदा हालात समझने होंगे। अगर ऐसा न हुआ तो गंगा-यमुना का घटता पानी और वनों के बिगड़ते हालात हम सबको ले डूबेंगे। पहाड़ों से लेकर समुद्र तक हम सब हिमालय के ऋणी हैं। देश के राष्ट्रीय स्तर पर हिमालय के हालात पर मंथन करने की आवश्यकता है। हिमालय रहेगा तो हम रहेंगे। यह हमारे जीवन का आधार है। हिमालय को नुकसान होगा तो देश-दुनिया की मानव जाति इससे बुरी तरह प्रभावित होगी। इसलिए हमें हिमालय को बचाने के लिए आगे आना होगा। अपना कर्तव्य निभाना होगा।

हिमालय बचाओ! देश बचाओ!

शिखा पोखरियाल
बी०एससी० 3rd सेमेस्टर

रामचरितमानस का महाकाव्यत्व

हिन्दी साहित्य के एक हजार वर्षों की परंपरा में रामचरितमानस को सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य होने का गौरव प्राप्त है। यदि लोक-प्रभाव या लोकप्रसिद्धि की दृष्टि से देखे तो यह संभवतः संपूर्ण विश्व का सफलतम महाकाव्य है क्योंकि किसी भी अन्य महाकाव्य को करोड़ों लोग प्रातः स्मरणीय व अनुकरणीय मानते हो, इसमें संदेह है। सामाजिक प्रभाव की दृष्टि से भी रामचरितमानस का कोई मुकाबला नहीं है क्योंकि भारत की सामासिक संस्कृति के निर्माण से लेकर धर्म, मर्यादा और परिवार जैसी संरचनाओं को आदर्श आकार देने में इसने अतुलनीय भूमिका निभाई है। शिल्प व कला की दृष्टि से भी इसकी महाकाव्यात्मक ऊँचाई शेष महाकाव्यों को चुनौती देती आई है। काव्यशास्त्र में महाकाव्यत्व का निर्धारण दो प्रकार के प्रतिमानों के आधार पर होता है- पारंपरिक व आधुनिक। पारंपरिक प्रतिमानों में समग्र सांस्कृतिक चित्रण, नायक का धीरोदात्त होना, आठ या अधिक सर्गो की उपस्थिति, छंद वैविध्य, चारों पुरुषार्थों का वर्णन तथा वीर, श्रृंगार या शांत किसी एक का अंगिरस होना महत्वपूर्ण है। आधुनिक साहित्य चिन्तन में महाकाव्यत्व के निर्धारण हेतु कुछ आंतरिक लक्षणों पर बल दिया जाता है, जैसे- उदात्त कार्य, उदात्त चरित्र, उदात्त भाव, उदात्त कथानक, उदात्त प्रभाव तथा उदात्त शैली इत्यादि। जहाँ तक रामचरितमानस का प्रश्न है, वह दोनों ही दृष्टियों से श्रेष्ठ महाकाव्य है।

रामचरितमानस का अंगीरस शांत है जो महाकाव्योचित है। अपने समय के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक व आर्थिक परिदृश्यों का वर्णन तो इसमें किया ही गया है, साथ ही प्रत्येक अंतर्विरोध और विखराव के शमन की चेष्टा भी विद्यमान है। इसके नायक राम का चरित्र हर दृष्टि से धीरोदात्त है। रचना का प्रभाव नैतिक दृष्टि से उत्कर्षकारी है तथा चारों पुरुषार्थ भी इसमें वर्णित है। इसमें छंद वैविध्य कुछ कम है और काण्ड भी सात ही हैं। किन्तु इन एकाध अपवादों को छोड दे तो यह महाकाव्य की सभी कसौटियों पर खरा उतरता है।

रामचरितमानस के महाकाव्यत्व का ज्यादा बेहतर मूल्यांकन आधुनिक कसौटियों के आधार पर किया जा सकता है। इस दृष्टि से पहला लक्षण है 'उदात्त भाव'। यहाँ भाव का अर्थ 'रस' से है महाकाव्य का मुख्य भाव वही होना चाहिए जो व्यक्ति व समाज दोनों के जीवन में नैतिक उत्कर्ष ला सके। रामचरितमानस में शांत भाव अंगीरस के तौर पर उभरा है। इसमें वीर रस भी पर्याप्त मात्रा में है किन्तु यह वीरता मध्यकाल के सामंतों वाली नहीं है जो सिर्फ अपने स्वार्थ व लालच पर टिकी हुई हो। यह क्षात्र-धर्म पर टिकी वीरता है जिसके मूल में लोकमंगल का भाव है। राम लोकमंगल के लिए अवतरित हुए हैं-

''जब जब होय धरम कै हानी,
बाढ़ैं असुर अधम अभिमानी।''
तब तब प्रभु धरि विविध सरीरा,
हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरा।।

महाकाव्य का दूसरा लक्षण है 'उदात्त चरित्र'। इसका अर्थ है कि नायक का चरित्र गरिमा से आप्लावित होना चाहिए। उसे शक्तिशाली और सत्य के पक्ष में संघर्षशील होना चाहिए, उदार, न्यायप्रिय, क्षमाशील, धैर्यवान, महासत्वशील व सहिष्णु होना चाहिए। भावों की अनियंत्रित अभिव्यक्ति के स्थान पर उसमें भाव-संयमन की ताकत होनी चाहिए। राम भारतीय साहित्य परंपरा में सबसे उदात्त नायक है। वे इतने शक्तिशाली हैं कि बड़े-बड़े वीरों से न उठने वाला शिव धनुष तोड़ सकते हैं किन्तु शक्ति का दुरूपयोग वे नहीं करते हैं। त्यागशीलता उनमें इतनी अधिक है कि अपने पिता के एक वचन को निभाने के लिए वे 14 वर्ष का वनवास सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं और सौतेले भाई का राजा बनना उन्हें जरा भी परेशान नहीं करता। उनमें विनम्रता इतनी अधिक है कि शबरी के जूठे बेर खाकर उसकी महानता का गान करते हैं, केवट को अपना मित्र बनाते हैं और मरणासन्न रावण के पास लक्ष्मण को ज्ञान-प्राप्ति हेतु भेजते हैं। तुलसी के राम वाल्मीकि व भवभूति के राम से ज्यादा उदात्त है क्योंकि शंबूक वध और सीता परित्याग जैसे प्रसंगों से वे बचे हैं जो राम के औदात्य को प्रश्नगत करते रहे हैं।

जहाँ तक 'उदात्त प्रभाव' का प्रश्न है, इस दृष्टि से रामचरितमान सर्वोच्च है। मध्यकाल की बिखरती हुई पारिवारिक मर्यादाओं को पुनः संगठित करने में इसकी अप्रितम भूमिका रही है। धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक जीवन के हर पक्ष

के बिखराव को अपनी समन्वय चेतना से परस्पर जोड़ देने की दृष्टि से भारतीय समाज इस कविता की ऋणी है। उदाहरण के लिए, निम्नलिखित पंक्तियों में निर्गुण-सगुण समन्वय तथा शैव-वैष्णव समन्वय की चेष्टा दिखाई पड़ती है-

''सगुनहिं अगुनहिं नहीं कछु भेदा। गावहिं मुनि पुरान वधु वेदा।।''
''शिव द्रोही मन दास कहावा। सो नर मोहि सपनेहुँ नहिं भावा।।''

रामचरितमानस का कथानक भी उदात्त है। रामचरितमानस सिर्फ राम की कथा नहीं है बल्कि राम के माध्यम से संपूर्ण समाज की कथा है। वह मानवों के साथ-साथ मानवेतर प्राणियों जैसे वानरों, भालुओं व जटायु जैसे पक्षियों की भी कथा है। अत: यह संपूर्ण ब्रह्माण्ड को चेतना के स्तर पर समेंटने वाली कविता है। इसमें जीवन की सभी समस्याएं विद्यमान है चाहे वे सामाजिक हों, राजनीतिक या आर्थिक। साथ ही इन सभी के समाधान भी है।

रामचरितमानस में 'उदात्त कार्य' भी विद्यमान है। सीता की मुक्ति पत्नी की मुक्ति के रूप में तो उदात्त है ही, व्यापक अर्थ में यह नारी की मुक्ति तथा अन्यायपूर्ण शक्ति के चंगुल से किसी भी प्राणी की मुक्ति का प्रतीक है। रामराज्य की स्थापना भी सिर्फ राम की राजनीतिक उपलब्धि न होकर विश्व के हर प्राणी की दैहिक-दैविक भौतिक तापों से मुक्ति है।

रामचरितमानस की शैली भी औदात्य से पूर्ण है। इसकी भाषा लोकजीवन में प्रचलित अवधी है किन्तु तुलसी ने संस्कृत शब्दावली का अवधीकरण करते हुए उसके रस को भी इसमें शामिल कर दिया है। चरित्र योजना मं अद्भुत सूक्ष्मता, अनुप्रासों की बादशाहत, ध्वनि-मैत्री का सर्वश्रेष्ठ स्तर और रूपक व सांगरूपक का सधा हुआ प्रयोग किया है। इन विशिष्ट खूबियों के साथ- साथ काव्य के सभी शोभाकारक धर्मों के संतुलित प्रयोग ने रामचरितमानस को ऐसी काव्यशैली से संपन्न किया है कि आज तक कोई प्रबंधकाव्य इसकी बराबरी नहीं कर सका है।

-करण सिंह
बी०ए० IVth सेमेस्टर

वही सच्चा गुरु कहलाता है

गुरु में जहान समाया है,
गुरु और शिष्य का बंधन बड़ा प्यारा है,
छिपे गुणों को वो बतलाता है,
तभी तो शिष्य अपने को जान पाता है,
कभी भटके तो राह दिखाता है,
वही सच्चा गुरु कहलाता है।

निस्वार्थ भाव से वो हमें पढ़ाता है,
सही गलत में वो पहचान करवाता है,
दोस्त बनकर हौसला बढाता है,
वे गुरु ही है, जो हमें आत्मनिर्भर होना सीखाता है,
वही सच्चा गुरु कहलाता है।

अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है,
हमारी अलग पहचान वो बनाता है,
जब लगने लगे कि हम थक गए,
तब वो हमें नई ऊर्जा, उम्मीद दिलाता है,
वो गुरु ही है, जो हमारी मुश्किल घड़ी में भी साथ निभाता है।

हार कर भी जीतना सीखाता है,
कभी माँ समान प्यार जताता है,
तो कभी पिता-सा रौब जताया करता है,
वो गुरु ही है,
जो हमें अपने हक के लिए लड़ना सीखाता है,
वही सच्चा गुरु कहलाता है।

देश का भाग्य विधाता कहलाता है,
हाथ पकड़कर कलम चलाना सीखाता है,
हमारी सफलता पर ये मुस्कुराया करता है,
वो गुरु ही है, जो हमारा मार्गदर्शन करता है,
''सोनाली'' वही सच्चा गुरु कहलाता है।।

-सोनाली भट्ट
बी०एससी० (पीसीएम), द्वितीय सेमेस्टर

"पर्यावरण एवं सतत् विकास" आधारभूत संरचना के दो अहम पहलू

पर्यावरण क्या है?

पर्यावरण की परिभाषा को अगर समझा जाए तो वह यह है कि उन सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की एक समायोजित इकाई है जो किसी जीव/पारितंत्रीय आबादी को प्रभावित करते हैं एवं उनके रूप, जीवन और जीविता को तय करते हैं।

आम भाषा में समझें तो पर्यावरण जलवायु, स्वच्छता, प्रदूषण तथा वृक्षों का सभी को मिलाकर बनता है। अर्थात् पर्यावरण हमारे दैनिक जीवन से सीधा संबंध रखता है।

मनुष्य + पर्यावरण – एक–दूसरे पर निर्भर है। पर्यावरण की हानि– यानि जीवों पर, प्रकृति पर संकट।

विकास क्या है? एवं सतत् विकास से तात्पर्य ?

"विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो पर्यावरण व संसाधनों को नुकसान पहुँचाए बिना आर्थिक पर्यावरणीय, सामाजिक और जनसांख्यिकीय घटक में वृद्धि, प्रगति, सकारात्मक परिवर्तन लाती है।" –अमर्त्य सेन

अर्थात् विकास हमें प्रगति की ओर अग्रसर करता है वो भी बिना नुकसान पहुँचाए।

यहीं से हम सतत् विकास को गहराई में समझ सकते हैं।

सतत् विकास! (Sustainable Development)

यह वह विकास है जो भविष्य की पीढ़ियों की क्षमता से समझौता किए बिना वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं को पूरा करता है तथा विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन सुनिश्चित करता है।

आज का परिदृश्यः–

आज के इस आधुनिक युग में पर्यावरण का महत्व बहुत ही अहम हो जाता है। जहाँ हमें विकास की ओर अग्रसर होना है वहीं हमें पर्यावरण संरक्षण के पहलू को भी ध्यान में रखना है। जहाँ एक तरफ आधुनिकता के साथ आगे बढ़ना है, वहीं हमें अपने पारिस्थितिकी तंत्र को भी नहीं भूलना है। आधारभूत संरचना को लेकर व्यक्तियों के अपने–अपने मत, विचार और पहलू होते हैं। आइए उसे समझने की कोशिश करें।

आधारभूत संरचना ?

स्थिर जनसंख्या वृद्धि, शहरीकरण, ग्लोबल वार्मिंग और औद्योगिक विकास मौजूदा बुनियादी ढांचे पर लगातार बढ़ती जरूरतें हैं। ये जरूरते बदले में नए पर्यावरण कार्यों की योजना, डिजाइन और निर्माण की आवश्यकता को जन्म देती है।

पर्यावरण–विकास–आधारभूत संरचना की एक–दूसरे पर निर्भरताः–

आधारभूत संरचना आधुनिक सभ्यता की रीढ़ है। यह हमारा निर्मित वातावरण है। और जब यह गलत दिशा में बढ़ता है तो यह वन्यजीवों, जंगली स्थानों और मानव को संकट में डालता है।

देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, भारत को आधारभूत संरचना में निवेश करने की आवश्यकता है, ताकि उत्पादन में वृद्धि और निरंतर उत्पादन सुनिश्चित हो सके और अर्थव्यवस्था की आवाजाही हो सके।

किसी भी देश के लिए आधारभूत संरचना के विकास की बहुत बड़ी आर्थिक एवं पर्यावरण लागत लगती है। वे स्थानीय जलवायु, परिदृश्य, जनसंख्या और संस्कृति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकते हैं। यदि ठीक से योजना नहीं बनाई गई तो परियोजनाएँ आपदा पैदा कर सकती हैं।

जहाँ कई लोगों का कहना है कि विकास के लिए पर्यावरण का जरूरी नही है, बिना पर्यावरण का उपयोग किए हम विकास की ओर अग्रसर हो सकते हैं। वहीं सत्यता तो ये है कि विकास के लिए पर्यावरण का उपयोग (या यूँ कहें कि संसाधनों का सत्–प्रतिशत् उपयोग बहुत अहम है।)

असल मायनों में तो किसी ने सही कहा है कि आधारभूत संरचना के संसाधनों का उपयोग अहम है। हम अगर विकसित देश की आशा करते हैं , विकसित हाईवै, विकसित आई.टी. सेक्टर, विद्यालय, महाविद्यालय, अस्पताल, अन्य सभी विषय वस्तु की आधुनिकता के लिए पर्यावरण एवं सतत् विकास दो साथ–साथ चलने वाली एक ही नैय्या में सवार आधार होते हैं।

हम क्या कर सकते हैं ?

देश की वैश्विक अनुभवों से सीखने के लिए तैयार रहना

चाहिए कि अन्य देशों ने ''आधारभूत संरचना'' के ''विकास'' के दौरान ''पर्यावरण'' संबंधी सभी विषयों से कैसे निपटा। उनकी सफलताएँ एवं असफलताएँ देशों के लिए एक सीख हो सकती है।

समय की मांग है कि पर्यावरण और विकास के मध्य एक संतुलन बनाया जाए। ऐसी एसएसई जो पर्यावरण सेवाएँ प्रदान करते हैं उनकी मदद से यह कार्य अवश्य सही दिशा की ओर अग्रसर हो सकता है। आधारभूत संरचना के सफलता से आर्थिक स्थिरता, सामाजिक स्थिरता, सांस्कृतिक स्थिरता का आगमन होता है और हमारा देश सतत् विकास में अव्वल हो जाता है।

''सतत् विकास एक विकल्प नहीं, यह एक आवश्यकता है''

– ग्रो हार्लेम

अक्षिता चौहान

एम०एससी०, रसायन II सेमेस्टर

कैसे करें लक्ष्य की प्राप्ति?

लक्ष्य का अर्थ सिर्फ अपने भविष्य को लेकर सोचा गया कोई विशेष कार्य नहीं, अपितु लक्ष्य एक छोटे-छोटे कार्यों से मिलकर बना है। अर्थात् लक्ष्य वे सपने हैं जिनके साथ -साथ समय सीमा व कार्य योजना जुड़ी होती है। यह एक ऐसा निर्णय है, जो आप अपने आज को बदलने के लिए लेते हैं। ये वो फैसला है जो आपके आज व कल के बीच का सफर है।

मैंने देखा है अक्सर महान व्यक्तियों के मस्तिष्क उद्देश्यों से भरे रहते हैं व हम लोगों के पास केवल इच्छाएं होती हैं। इच्छाओं पर मजबूती तब आती है जब हमारा लक्ष्य दिशा, समर्पण, दृढ निश्चय, अनुशासन व समय सीमा की बुनियाद पर टिकी होती है। हमें महान बनने व लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अपनी इच्छाओं को उद्देश्यों में बदलना चाहिए। जिससे हम अपने लक्ष्य को एक निश्चित समय अंतराल में पूर्ण कर सके।

हमारा लक्ष्य स्मार्ट होना चाहिए। यहां पर स्मार्ट का अर्थ है, हमारा लक्ष्य स्पष्ट होना चाहिए, जिसे मापा जा सके। जो वास्तविक व समय-सीमा से बद्ध हो, साथ ही एक चुनौती भरा व मुश्किल हो, ऐसा नहीं कि नामुमकिन हो, क्योंकि असंभव लक्ष्य हमें निराशा की ओर ले जाती है। ऐसी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोचते हुए उस मार्ग में आगे बढ़ना चाहिए, क्योंकि असंभव कुछ भी नहीं होता है बस उसे पाने के लिए हमें अपनी मेहनत व वक्त थोड़ा ज्यादा देना पड़ता है।

हमारा लक्ष्य सदैव संतुलित होना चाहिए, क्योंकि हमारा जीवन एक पहिये की तरह है जिसमें छः तिलियाँ लगी हुई है।

1. **पारिवारिकः**- जो हमारे जीवन व जीविका का महत्वपूर्ण अंग है।
2. **आर्थिकः**- हमारा कैरियर जिससे पैसों से खरीदा जा सकता है।
3. **शारीरिकः**- हमारी सेहत जिसके बगैर किसी भी चीज का कोई महत्व नहीं है।
4. **मानसिकः**- हमारा ज्ञान व हमारी बुद्धि
5. **सामाजिकः**- प्रत्येक व्यक्ति व संगठन की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियां होती है जिनको पूर्ण न किये जाने पर समाज टूटने लगता है।
6. **आध्यात्मिकः**- हमारा जीवन मूल नैतिकता व चरित्र को दर्शाता है।

इसमें से कोई भी तिल्ली अगर अपनी जगह से खिसक जाए तो हमारे जीवन का संतुलन डगमगा जाता है।

हमें अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अपने समस्त उद्देश्यों व इच्छाओं को एक पेपर में लिखकर उन्हें रोज पढ़ना व महसूस करना चाहिए, जिससे हमें स्पष्ट हो जाए कि हमें क्या प्राप्त करना है और हमें उससे प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। हमें उसे अपना जीवन बना लेना चाहिए। उससे अपने ख्यालों में जीओ। उसके सपनों को व कल्पनाओं को देखिये व उससे पाने की योजना बनाइयें। मैं अंत में यही संदेश देना चाहूंगी.. ....

''यदि लक्ष्य हुनर से बनते हैं, तो उन्हें पाना आसान है। और अगर दिखावे से बनते हैं, तो ये खुला आसमान है।''

संगीता नेगी

(एन एन एस, स्वयंसेवक)

बी०एससी० (पीसीएम), द्वितीय सेमेस्टर

हिंदू संस्कृति में नारी

हिंदू ग्रंथ में महिलाओं की स्थिति पर विविध विचार प्रस्तुत किये गए हैं, जिनमें नारी को सर्वोच्च देवी के रूप में स्त्री नेतृत्व से लेकर लैंगिक भूमिकाओं को सीमित करना शामिल है। हिंदू संस्कृति में नारी के सम्मान को बहुत महत्व दिया गया है। हिंदू धर्म में प्राचीन काल से ही समाज में नारी को एक विशेष दर्जा दिया गया है। हिंदू संस्कृति में नारी की शक्ति रूप में पूजा की जाती है। मार्कंडेय पुराण के देवीमाहात्मय में जग की समस्त नारियों को देवी जगदम्बा का स्वरूप मानते हुए लिख गया है:

विद्यासमस्तास्तव देवि भेदा: स्त्रिय: समस्ता: सकला जगत्सु।
त्वयैकया पूरितमम्बयैतत् का ते स्तुति: स्तव्यपरा परोक्ति:।।

अर्थात्- हे देवि। संपूर्ण विद्याएं तुम्हारे ही अनेक स्वरूप हैं। जगत् में सभी स्त्रियाँ तुम्हारी ही मूर्तियाँ है। जगदम्बा् एकमात्र तुमने ही विश्व को व्याप्त कर रखा है। तुम्हारी स्तुति क्या हो सकती है? तुम तो स्तवन करने योग्य पदार्थों से परे एवं परा वाणी हो।

नारी को हिंदू संस्कृति में देवी का दर्जा प्राप्त है। नारी को सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। संस्कृत में एक श्लोक है:

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:।
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया:।।

अर्थात् -जिस कुल में नारियों की पूजा, अर्थात उनका सत्कार होता है, उस कुल में देवता वास करते हैं। वहाँ दिव्यगुण, दिव्यभोग और उत्तम संतान होते हैं। और जिस कुल में नारी की उपेक्षा की जाती है, उस कुल में सब कार्यों में निष्फलता प्राप्त होती है। महाभारत में कहा गया है कि जिस कुल में नारियों को उपेक्षा भाव से देखा जाता है उस कुल का सर्वनाश होना तय है।

हिंदू संस्कृति में वेदों में भी नारी को अधिक सम्मान प्राप्त हुआ है। वेदों में नारी को धरती में सबसे पवित्रतम रूप में माना गया है, वो रूप है माता यानि माँ। हमारे वेदों में माँ को 'अंबा', 'दुर्गा', 'देवी', 'शक्ति' आदि नामों से संबोधित किया गया है। रामायण में श्रीराम अपने श्रीमुख से 'मां' को स्वर्ग से बढ़कर मानते हैं और कहते हैं-

जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गदपि गरीयसी।

अर्थात्- जननी और जन्मभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर है।

वैदिक काल में भी हिंदू संस्कृति में नारियों को धर्म और राजनीति में भी पुरुष के समान ही समानता प्राप्त थी। वे वेद पढ़ती थी और पढ़ाती भी थी। मैत्रेयी, गार्गी जैसी नारियां इसका उदाहरण है। यहीं नही नारियां युद्ध कला में भी पारंगत होकर राजपाट भी चलाती थी। रानी लक्ष्मीबाई इसका उदाहरण है। हिंदू संस्कृति में नारियों को सम्मान देने तथा उनकी रक्षा करने का भी वर्णन है।

पूजनीया महाभागा: पुष्याश्च गृहदीप्तय:।
स्त्रिय: श्रियो गृहंस्योंक्ता: तस्माद्रक्ष्या विशेषत:।।

अर्थात्- नारी को घर की लक्ष्मी, परम भाग्यशाली, पुण्यमयी और घर को शोभामान करने वाली माना गया है। इसलिए इनकी विशेष रक्षा करनी चाहिए अर्थात् स्त्री विशेष रूप से पूजनीय और रक्षणीय है।

हिंदू-संस्कृति में नारी के सम्मान करने की सीख मिलती है, उन्हें पूजनीय योग्य माना जाता है। फिर चाहें स्त्री जिस रूप में-माता, बहन, पत्नी, पुत्री अथवा अन्य कोई भी हो उसकी उपेक्षा नहीं करनी चाहिए।

-नंदिनी कोठियाल
एम०ए० II[nd] सेमेस्टर

मुश्किले तो बहुत हैं

मुश्किले तो बहुत हैं
मगर पार इससे पाना होगा,
संघर्षों से जूझ कर
जीवन आसान बनाना होगा.....।
अंधेरों को चीरकर ही
फैलती है रोशनी,
सींचकर बंजर जमी
बाग हरा लगाना होगा...।
मनुष्य होकर निराश न हो
हिम्मत रख आस न खो,
भंवर में फंसी जीवन नैया
मांझी बन पार लगाना होगा...

-नंदिनी कोठियाल
एम०ए० II[nd] सेमेस्टर

''सफल होना काफी नहीं है जीवन की असली खोज सार्थकता की है''

''कुछ लोग ऐसे हैं जो वक्त के साँये में ढल गए,
कुछ लोग हैं जो वक्त के साँये में बदल गए''

जीवन का दर्शन कुछ ऐसा है अनादिकाल से लेकर आज तक सभ्यताओं ने नित नई करवटें ली है संस्कृतियों ने नित नए रूप धरे हैं, पर यदि नहीं बदला तो परिवर्तन का शाश्वत क्रम। ''परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है'' के अनुरूप ही जीवन दर्शन और दृष्टिकोण में बदलाव और सुधारात्मक विकास दृष्टिगोचर होते रहे हैं।

सफलता प्राप्त करना जीवन का एक सर्वमान्य स्वीकृत लक्ष्य है। इसमें कोई भी संदेह नहीं है कि प्रत्येक व्यक्ति समूह, समुदाय, समाज या देश अपने उद्देश्य और प्रयासों में सफलता की आकांक्षा रखता है। ऐसा करना स्वाभाविक भी है और वांछनीय भी। परन्तु वे अपने लक्ष्य में किस सीमा तक सफल हो पाते हैं। यह उनके अध्यवसाय, प्रतिबद्धता, लगन, परिश्रम और कुछ सीमा तक परिस्थितिजन्य संभोगों पर भी निर्भर करता है। प्रासांगिक प्रश्न यह है कि जीवन में सफलता और सार्थकता पारस्परिक संबंध क्या है? वे किस सीमा तक अन्योन्याश्रित है और सार्थकता के अभाव का कोई औचित्य है भी अथवा नहीं।

''कामयाबी के पीछे नहीं काबिलियत के पीछे भागो'' श्री इडियट्स फिल्म का यह संवाद इस फलसफे को काफी हद तक स्पष्ट करता है। सफलता और सार्थकता की करूणा हो या मुहम्मद साहब का बंधुत्व, टैगोर का मानवतावाद हो या नेहरू का अन्तर्राष्ट्रीयवाद। सभी ओर जीवन की सार्थकता की खोज की अदम्य जिजीविषा दिखाई पढ़ती है। नामदेव, तुकाराम, एकनाथ, तुलसी, रहीम, नरसी, चैतन्य, ज्ञानेश्वर, शंकरदेव सभी सफलता के ऊपर सार्थकता को महत्व प्रदान कर रहे थे। शायद इसलिए भारतीय संस्कृति कीर्तिर्यस्य स जीवति। के मंत्र को स्वीकार करती है।

वैयक्तिक और पारिवारिक स्तर पर देखे तो क्या महज रोजगार की तलाश, विवाह, संतानोत्पत्ति, बच्चों का पालन पोषण और सेवा निवृत्ति ही जीवन है या उसमें सार्थकता का होना भी समीचीन है?

''तुम्हारे दिल की चुभन भी जरूर कम होगी
किसी के पांव से कांच निकालकर देखो''

यद्यपि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पारिवारिक उत्तरदायित्व एक मूलभूत आवश्यकता है पर उसके साथ-साथ कुछ ऐसा सार्थक किया जाना चाहिए जो न केवल आत्मिक संतोष का अनुभव प्रदान करे, बल्कि समाज हित में भी अपना योगदान करें। पुनर्जागरण के दौर में राजा राममोहन राय, ईश्वर चन्द्र विद्यासागर, केशव चन्द्र सेन, सर सैयद अहमद खाँ, स्वामी दयानन्द सरस्वती, विवेकानन्द और ऐनी बेसेन्ट दरअसल सामाजिक कुरीतियों के विरूद्ध अभियान चलाकर प्रकारान्तर से जीवन की सार्थकता को प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे।

राजनीतिक और आर्थिक स्तर पर देखें तो प्रश्न यह उठता है कि क्या एक श्रेष्ठ संविधान या बेहतर कानूनों का निर्माण काफी है अथवा उनके बेहतर कार्यान्वयन की आवश्यकता है? वस्तुतः हमारे संविधान और विधानों की सार्थकता इसी में है कि यह अपने मूल आदर्शों, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, समाजवाद, पंथनिरपेक्षता को दृष्टिगत रखते हुए समावेशी विकास और वित्तीय समावेश का माध्यम बने।

यदि सरकार द्वारा आर्थिक-सामाजिक और राजनीतिक स्तर पर बनाए गए कानूनों और योजनाओं का लाभ समाज के वंचित वर्गों, अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों, सीमान्त कृषकों, ससंगठित क्षेत्र के मजदूरों, प्रवासियों, शरणार्थियों तक नहीं पहुंच पा रहा है तो उनकी सार्थकता निश्चय ही खतरे में पड जाती है।

यदि जीवन की असली खोज सार्थकता की उपलब्धि न होती तो तथाकथित सफलता के शिखर पर बैठे बिल गेट्स, बारेन बफेट जैसे उद्यमी मानव कल्याण के लिए अपनी अकूत सम्पति का बड़ा भाग दान न करते। किरण बेदी तिहाड़ जेल में सुधार और पुलिस सुधारों में नवोन्मेष नही करती, राजेन्द्र सिंह और सुंदरलाल बहुगुणा जल संरक्षण व पर्यावरण की अलख नही जगाते और कैलाश सत्यार्थी बचपन बचाओ आन्दोलन के माध्यम से बल अधिकारों का झंडा बुलंद नहीं करतें । किसी शायर ने यूं ही नहीं लिखा है

''किसी की चार दिन की जिन्दगी सौ काम करती है,
किसी की सौ बरस की जिन्दगी में कुछ नहीं होता''

विज्ञान और औद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अनुसंधानों के माध्यम से हमारे जीवन को बेहतर और सरल बनाने वाले वैज्ञानिक व शोधकर्ता निश्चित तौर पर जीवन में सार्थकता की खोज में निरन्तर परिश्रम की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। आइस्टीन, एडीसन, रदर–फोर्ड, मैडम क्यूरी, जे.एल.बेयर्ड और राइट बंधुओं के प्रयास उनके जीवन की सार्थकता को ही प्रमाणित करते हैं।

दार्शनिक और आध्यात्मिक स्तर पर देखें तो हर युग में चिंतकों ने जीवन की सफलता को उसकी सार्थकता के साथ ही स्वीकार किया। गीता की निष्काम कर्मयोगी और स्थित प्रज्ञ की अवधारणा हो या जैन व बौद्ध दर्शनों द्वारा प्रदत्त पंच महाव्रत और अष्टांगिक मार्ग के सूत्र सभी स्वयं को सार्थकता के मूल्य को समेट हुए हैं। प्रेम भक्ति काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि जायसी तो यहाँ तक घोषणा करते हैं।

''धनि सो पुरुष जस कीरति जासू
फूल मरै पै मरै न बासू''

गांधी जी ने एक बार कहा था कि मैं एक ऐसे भारत का निर्माण करता हूँ जहाँ से गरीब–से–गरीब व्यक्ति भी यह महसूस करे कि यह उसका अपना देश है और राष्ट्र निर्माण में इसकी भी प्रभावी भूमिका है। यहाँ यह विचारणीय है कि क्या जीवन में सार्थकता की खोज सफलता के अभाव में संभव है। दरअसल सार्थकता तभी प्राप्त हो सकती है, जब जीवन में सफलता का आधार प्राप्त हो जाए। जिस तरह अपनी व्यक्तिगत उलझनों में फंसा व्यक्ति समाज के हित में योगदान की सोच भी नहीं सकता वैसे ही सफलता के लिए संघर्षरत व्यक्ति के लिए जीवन में सार्थकता की खोज एक दूर की कौड़ी ही है।

सफल होना काफी नही है। जीवन की असली खोज सार्थकता ही है पर यह सार्थकता तभी उपलब्ध हो सकती है जब उसे सफलता का आधार प्राप्त हो जाए, साथ ही केवल सफलता आपको अस्थायी या तात्कालिक सुख तो प्रदान कर सकती है पर चिरस्थायी सुख और आत्मिक संतोष तभी प्राप्त हो सकती है, जब उसके साथ सार्थकता का भी समन्वय हो जाए। इस प्रकार जीवन में सफलता और सार्थकता के समन्वय ही इसकी पूर्णता है । ''गजल सम्राट दुष्यंत कुमार के शब्दों में –

''इस नदी की धार में ठंडी हवा आती तो है
नाव जर्जर ही सही, लहरों से टकराती तो है
एक चिंगारी कही से ढूंढ लाओ दोस्तो
इस दिए में तेज से भीगी हुए बाती तो है''

–अर्चना
बी०एससी० IV[th] सेमेस्टर

काम ऐसा करो कि पहचान बन जाये

''काम ऐसा करो कि पहचान बन जाये,
हर कदम ऐसा चलो कि निशान बन जाये,
यहां जिंदगी तो हर कोई काट लेता है,
पर जियो इस कदर कि मिसाल बन जाये''।।

कहने दो ना...........दुनिया को............
रहने दो ना............ सपनो को...........

आखिर क्यूं भागना है तुम्हें.........
छोड़ कर मतलबी जहान को.......

रुको नों......... और उड़ो.........
इक झोंका दो उड़ान को.........

एक रुह है अंदर तुम्हारें.........
तुम जिओ......... उसे जीवनदान दो.........

रुको ना......... और उड़ो.........
इक झोंका दो उड़ान को.........
एक रुह है अंदर तुम्हारे.........
तुम जिओं......... उसे जीवनदान दो.........

बस इक तरफा सफर है जिंदगी.........
पूरे जोश से पार करो..........हर इम्तिहान को...........

– सुनिधि भदूरिया
एम०एससी० (रसायन) II[nd] सेमेस्टर

पत्रकारिता

पत्रकारिता आधुनिक सभ्यता का एक प्रमुख व्यवसाय है, जिसमें समाचारों का एकत्रीकरण लिखना, जानकारी एकत्रित करके पहुंचाना, सम्पादित करना और सम्यक प्रस्तुती करण आदि सम्मिलित है। आज के युग में पत्रकारिता के भी कई माध्यम हो गए हैं। जैसे- अखबार, पत्रिकाएं, रेडियो, दूरदर्शन, वेब पत्रकारिता आदि। बदलते वक्त के साथ बाजारवाद और पत्रकारिता के अन्तर्सम्बन्धों नेम पत्रकारिता की विषय वस्तु तथा प्रस्तुति शैली में व्यापक परिवर्तन किये।

वर्तमान में भारतीय पत्रकारिता सरकारी बजट या नोटिफिकेशन बन कर रह गई है लगभग सभी मीडिया संस्थान और चैनल दिन-रात सरकार की गुणगान करते हैं। 21वीं सदी में दुनिया विज्ञान और टेक्नोलॉजी पर बात कर रही है परन्तु भारतीय मीडिया धर्म, जातिवाद, मन्दिर, मस्जिद की तथा कथित राजनीति से आगे नहीं बढ़ पा रही है। इस तरह की पत्रकारिता भारतीय समाज में अंधविश्वास, धार्मिक उन्माद, सामाजिक विघटन ही पैदा करेगी। वर्तमान समय में मीडिया की नज़रों में सेक्युलर, उदारवादी या संविधानवादी होना स्वयं में एक गाली हो गया है।

पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, सुभाष चन्द्र बोस और मौलाना आजाद के सपनों का भारत वाकई में बहुत खुबसूरत और खुशहाल है और इस भारत को हम इस तरह अंधविश्वास, तथाकथित, धार्मिक उन्माद और जड़ता की ओर नहीं जाने देंगे।

''परिभाषा''

पत्रकारिता शब्द अंग्रेजी के ''जर्नलिज्म (Journalism)'' का हिन्दी रूपान्तर है। शब्दार्थ की दृष्टि से 'जर्नलिज्म' शब्द का 'जर्नल' से निर्मित है और इसका आशय है दैनिक। अर्थात् जिसमें दैनिक कार्यों व सरकारी बैठकों का विवरण हो। आज जर्नल शब्द 'मैगजीन' का द्योतक हो चला है। यानी दैनिक, दैनिक समाचार पत्र या दूसरे प्रकाशन, कोई सर्वाधिक प्रशासन जिसमें किसी विशिष्ट क्षेत्रों के समाचार हो।

पत्रकारिता लोकतंत्र का अविभाज्य अंग है। प्रतिपल परिवर्तन होने वाले जीवन और जगत का दर्शन पत्रकारिता द्वारा ही संभव है। परिस्थितियों के अध्ययन, चिन्तन-मनन आत्माभिव्यक्ति की प्रवृत्ति और दूसरों का कल्याण अर्थात् लोक मंगल की भावना ने ही पत्रकारिता को जन्म दिया।

हिन्दी शब्द सागर के अनुसार: पत्रकार का काम या व्यवसाय पत्रकारिता है।

टाइम्स पत्रिका के अनुसार: पत्रकारिता इधर-उधर से एकत्रित, सूचनाओं का केंद्र, जो सही दृष्टि से संदेश भेजने का काम करता है, जिससे घटनाओं का सहीपन देखा जाता है।

पत्रकारिता का स्वरूप और विशेषताएं

सामाजिक सरोकारों तथा सार्वजनिक हित से जुड़कर ही पत्रकारिता सार्थक बनती है। सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुंचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वाह ही सार्थक पत्रकारिता है।

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है। पत्रकारिता ने लोकतंत्र में यह महत्वपूर्ण स्थान अपने आप नहीं प्राप्त किया है बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति पत्रकारिता के दायित्वों के महत्व को देखते हुए समाज ने ही दर्जा दिया है। कोई भी लोकतंत्र तभी सशक्त है जब पत्रकारिता सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी सार्थक भूमिका निभाते रहे। सार्थक पत्रकारिता का उद्देश्य ही यह होना चाहिए कि वह प्रशासन और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका अपनाएं।

पत्रकारिता के इतिहास पर नजर डालें तो स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति का लक्ष्य था। स्वतंत्रता के लिए चले आंदोलन और स्वाधीनता संग्राम में पत्रकारिता ने अहम और सार्थक भूमिका निभाई। उस दौर में पत्रकारिता ने पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोने के साथ-साथ पूरे समाज को स्वाधीनता की प्राप्ति के लक्ष्य से जोड़े रखा।

इंटरनेट और सूचना के अधिकार (आर.टी.आई.) ने आज पत्रकारिता को बहुआयामी और अनंत बना दिया है। आज कोई भी जानकारी पलक झपकते उपलब्ध की और कराई जा सकती है। मीडिया आज बहुत सशक्त, स्वतंत्र और प्रभावकारी हो गया है। पत्रकारिता की पहुंच और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का व्यापक इस्तेमाल आमतौर पर सामाजिक सरोकारों और भलाई से ही जुड़ा है, किन्तु कभी-कभार इसका दुरूपयोग भी होने लगा है।

संचार क्रान्ति तथा सूचना के अधिकार के अलावा आर्थिक उदारीकरण ने पत्रकारिता के चेहरे को पूरी तरह बदलकर रख दिया है। जिसमें विज्ञापनों से होने वाली अथाह कमाई ने

पत्रकारिता को काफी हद तक व्यवसायिक दृष्टिकोण का नतीजा है कि उसका ध्यान सामाजिक सरोकारों से कहीं भटक गया है। मुद्दों पर आधारित पत्रकारिता के बजाए आज इन्फोटेमेंट ही मीडिया की सुर्खियों में रहता है।

इंटरनेट की व्यापकता और उस तक सार्वजनिक पहुंच के कारण उसका दुरुपयोग भी होने लगा है । इंटरनेट के उपयोगकर्ता निजी भड़ास निकालने और अंतर्गत तथा आपत्तिजनक प्रलाप करने के लिए इस बहुपयोगी साधनों का प्रयोग करने लगे हैं। यही कारण है कि यदा-कदा मीडिया के इन बहुपयोगी साधनों पर अंकुश लगाने की बहस भी छिड़ जाती है। गनीमत यह है कि यह बहस सुझावों और शिकायतों तक ही सीमित रहती है। उस पर अमल की नौबत नहीं आने पाती। लोकतंत्र के हित में यही है कि जहां तक हो सके पत्रकारिता को स्वतंत्र और निर्बाध रहने दिया जाए, और पत्रकारिता का अपना हित इसमें है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग समाज और सामाजिक सरोकारों के प्रति अपने दायित्वों के ईमानदार निवर्हन के लिए करती रहे।

शीतल

बी०ए०-5th सेमेस्टर

महिला सशक्तिकरण-एक विवाद

महिला सशक्तिकरण के लिए सुना है एक संवाद चला है,
संवाद चला है या सिर्फ विवाद चला है
सुना है नारीवाद चला है
एक सही नारीवाद क्या है?
जब एक स्त्री को उसकी मर्यादा ना बताई जाए,
जब उसे समाज की बेड़ियों में ना बांधा जाए,
जब एक लड़की से घर आने का समय ना पूछा जाए
जब उसे अपनी बात बोलने दी जाए,
जब उसे समान शिक्षा दी जाए
जब उसका चरित्र उसके कपड़ों में ना तोला जाए।
ये कैसा नारीवाद है, जो सिर्फ नारों में सिमट कर रह गया है,
ये कैसा नारीवाद है, जो दिखावे में गुम हो गया है।
क्यों घूंघट, और हिजाब पर आज भी लड़ाई जारी है,
क्यों हर लड़ाई में एक नारी, हर बार हारी है,
माँ बोलती है भाईयों को दुआओं में मांगा है,
फिर क्यों उसका रक्षाबंधन मेरी राखी के बिना अधूरा है,
क्यों पापा के नाम से मैं जानी जाती हूँ,
जबकि माँ से रिश्ता मेरा नौ महीने ज्यादा पुराना है,
क्यों एक अकेली माँ, हमेशा समाज के निशाने पर रहती है,
क्यों बस पिता के साथ से यह दुनिया चलती है।
ये कहानी आज की नहीं सदियों पुरानी है
जब एक नारी की गरिमा हर बार हारी है,
क्यों धर्म के खातिर.........द्रोपदी की मर्यादा का चीरहरण हुआ,
क्यों 14 वर्ष के वनवास के बाद,
सीता की अग्नि परीक्षा का सवाल हुआ,
आजादी आजादी आजादी............
ये सिर्फ 15 अगस्त का दिन ही क्यूं बताता है।
आजादी का सही मतलब हर दिन रुलाता है,
यह आजादी उस दिन कहां जाती है,
जब एक नारी की गरिमा सरेआम उछाली जाती है,
यह आजादी उस दिन कहां जाती है
जब बलात्कारियों की सजा में देरी की जाती है,
हां मजबूत हुई है नारी.........बस दिखावी किताब में,
आज भी महिला जी रही........पीड़िता हिसाब में,
भले प्रेम शब्द ना लिखो तुम,
.........बस मुझे..........मुझ में रहने दो
मैं चुनूंगी खुद अपनी दिशा,
जहां मैं चाहूं..........बस मुझे बहने दो।
.......बस मुझे बहने दो।
बात केवल अधिकार की नही....
यह केवल सोच का विवाद है,
मुझे पुरुष या पुरुष जैसा नहीं बनना,
मुझे मेरी गरिमा में जीना है,
यही असली नारीवाद है।

-लक्ष्मी शर्मा

बी०ए० 5th सेमेस्टर

विरासत के आयाम

भारत की सांस्कृतिक परंपरा की पृष्ठभूमि की नींव में भारतीयता विद्यमान है। भाषा, साहित्य और संस्कृति किसी भी राष्ट्र की आधारशिला होती है। यह राष्ट्र को नींव की पत्थर की तरह मजबूत आधार प्रदान करती है। भारत की सांस्कृतिक परंपरा प्रत्येक हृदय में राष्ट्रवादी भावनाओं को लेकर निर्मित होती रही है और होती रहेगी। यह संस्कृति हमें राष्ट्र की मिट्टी से जोड़ती है और जो समाज मिट्टी की सुगंध से निर्मित होता है वही अपने राष्ट्र से प्रेम करता है। उसकी संस्कृति वर्षों तक वैश्विक स्तर पर गूंजती है।

भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। जिसकी विविधता और समृद्धि सांस्कृतिक विरासत में निहित है। इसके साथ ही यह अपने-आप को बदलते समय के साथ ढालती भी आई है। आजादी पाने के बाद भारत ने बहुआयामी सामाजिक और आर्थिक प्रगति की है। भारत शिक्षा, चिकित्सा और कृषि में धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बन रहा है। अब दुनिया के सबसे औद्योगीकृत देशों की श्रेणी में भी भारत की गिनती की जाती है। आज भारत शेष एशिया महाद्वीप से अलग दिखता है। जिसकी विशेषता पर्वत और समुद्र ने तय की है और ये इसे विशिष्ट भौगोलिक पहचान देते हैं। उत्तर में बृहत् पर्वत श्रृंखला हिमालयी संपदाओं से घिरा है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी, पश्चिम में अरब सागर तथा दक्षिण में हिन्द महासागर इसकी सीमा को निर्धारित करते हैं।

भारत की राष्ट्रीयता की व्यापकता, एक आधार वाक्य है। जिसके कारण देश को मात्र एक राष्ट्र-राज्य के रूप में देखने के बजाए बड़ी विश्व सभ्यता की आधार शिला के रूप में देखा जाता है। प्राचीन समय से ही, भारत की आध्यात्मिक भूमि ने संस्कृति धर्म, जाति, भाषा इत्यादि विविध आयामों को प्रदर्शित किया है। जाति, संस्कृति धर्म, जाति, भाषा इत्यादि विविध आयामों को प्रदर्शित किया है। जाति, संस्कृति, धर्म इत्यादि की यह विभिन्नता अलग-अलग धर्मों और सम्प्रदायों, जातीय वर्गों, के अस्तित्व की गवाही देती है, जो यद्यपि एक राष्ट्र को नियंत्रित करती है। भारत की आंतरिक विभिन्न बोलियां, क्षेत्रीय सीमाएं, इन जातीय वर्गों, संस्कृतियों, परिवेश को उनकी अपनी सामाजिक व सांस्कृतिक पहचान के आधार पर भेद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जीवन के यथार्थ दृश्यों को हम किस रूप में देखते हैं, किस रूप में महसूस करते हैं, महसूस करने के बाद क्या हम उन साक्षात दृश्यों/वस्तुओं से अपनेपन का लगाव रख पाते हैं? ऐसा लगाव जो हमें बार-बार अपनी ओर आकर्षित करता हो। हमारे मन की रिक्तता को पूर्ण करता हो, हमारे जीवन के अवकाश को इंद्रधनुषी रंगों से भर देता हो। हमारी विषम और कठिन बनती जा रही जीवनशैली को सरल और सहज बना देता हो। हमारी कम पड़ती श्वांसों के मध्य रक्त का संचार करता हुआ जीवन की लालिमा के नए दृश्यों को उभरता हो।

भारत विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों का संगम है। भारत की संस्कृति का मूल आधार विभिन्नता में एकता, सर्वधर्म समभाव की संस्कृति की परंपरा का द्योतक होना है। एक भाषा ने यहां सबको एक सूत्र में स्थापित किया है। वह है हिंदी, जिसे बहुसंख्यक लोग बोलते हैं और उसे भारत की राष्ट्रभाषा मानते हैं। इस राष्ट्रभाषा ने भारतवासियों को सांस्कृतिक परंपरा और यहां के साहित्य से जोड़ कर रखा है। लेकिन हिंदी राजभाषा है तथा भारत के अधिकांश नगरों व शहरों में बोली जाती है। प्रत्येक भाषा अपने प्रांत, अपने राष्ट्र की, अपनी सांस्कृतिक विरासत की पहचान होती है। यही संस्कृति और परंपरा का सेतु भी है। हिमालय से हजार गंगा निकलती हैं। हिमालय के विशाल अमृत सागर से हजार धाराएं लोक मानस के कंठ को भिगोती हैं। दिव्य हिमालय सा सतगुरु का व्यक्तित्व होता है। विशाल हिमालय से असंख्य धाराएं जब निकलती हैं तो विद्यार्थी की तरह निर्मल समाजसेवी बनकर भावी सामाजिक परिधि को गति प्रदान करने में सक्षम होती हैं।

गीता में कर्म योग का संदेश मनुष्य को भौतिक जगत में जीने की प्रेरणा देता है आज संपूर्ण समाज के समक्ष अगर कोई व्यक्ति बुरी आत्माओं की परिधि में स्वयं कैद हो जाता है तो गीता का संदेश उसका मार्गदर्शन तय करता है। यह वही संदेश है जो अर्जुन जैसे गांडीवधारी वीर धुरंधर योद्धा को रणक्षेत्र में अग्निकुंड के समान वीर पुरुष बना देता है। यह भारतीय चिंतन परंपरा का ही ज्वलंत प्रमाण है कि व्यक्ति लक्ष्य विहीन होने के बावजूद भी सकारात्मक जीवन दृष्टि को धारण करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होता है। यह साधारण बात तो है परंतु इस साधारण बात के भीतर भारतीय चिंतन परंपरा की असाधारणता गहराई से अपनी जड़े जमाई हुई है।

-करन सिंह

बी०ए० IV^th^ सेमेस्टर

प्रदूषण

प्रदूषण का अर्थ है- प्राकृतिक संतुलन में दोष पैदा होना, इसका मतलब है कुछ भी शुद्ध न मिलना, न ही शुद्ध वायु, न ही शुद्ध जल, न ही शांत वातारण। प्रदूषण हमारे जीवन के उन प्रमुख विषयों में से एक है जो इस समय हमारी पृथ्वी को व्यापक स्तर पर नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। 21वीं सदी में इसका हानिकारक प्रभाव बड़े पैमाने पर महसूस किया जा रहा है। वनों को तेजी से काटना, बढ़ती जनसंख्या, प्रकृति के साथ छेड़-छाड़ आदि प्रदूषण के मुख्य कारण है। पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए पेड़-पौधे सबसे अहम भूमिका अदा करते हैं। लेकिन मानव जाति के लोग अपनी जरूरतों के लिए इन्हें काट देते हैं। प्रदूषण भी कई प्रकार के हैं- वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण, रेडियो एक्टिव प्रदूषण, थर्मल प्रदूषण, दृश्य प्रदूषण आदि। वायु प्रदूषण मुख्य रूप से वाहनों में से गैस उत्सर्जन के कारण होता है। वायु प्रदूषण में योगदान देने के अलावा भारतीय सड़कों पर बड़ी संख्या में मौजूद वाहन, ध्वनि प्रदूषण में भी भरपूर योगदान देती है। जल प्रदूषण आजकल मनुष्यों के सामने मौजूद सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है। पीने योग्य पानी की कमी जल प्रदूषण का एक बड़ा दुष्प्रभाव है। बढ़ती बिजली की जरूरत और काम के लिए बढ़ती प्रकाश की जरूरत भी प्रदूषण का कारण है। भारतीय आबादी का एक बहुत बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर है। किसान बहुत सारे शाकनाशी उर्वरक, कवकनाशी और अन्य समान प्रकार के रासायनिक यौगिक का उपयोग करते हैं। इनके इस्तेमाल से मिट्टी दूषित होती है। वाहनों का प्रयोग कम करें यदि हो तो उन्हें व्यक्तिगत उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों से बदलने का प्रयास करें। एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते यह हमारा कर्तव्य होना चाहिए कि हम अपने घरों के आस-पास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। कई कारणों से पेड़ों की कटाई, घर बनाना आदि के कारण विभिन्न प्रकार के प्रदूषण में वृद्धि हुई।

पौधे वातावरण में मौजूद कार्बन मोनोआक्साइड, कार्बन डाईआक्साइड आदि जैसे हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। चूंकि वे प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के दौरान ऑक्सीजन छोड़ते हैं, इसलिए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि हम अधिक से अधिक मात्रा में पेड़ लगाएं और उनकी देखभाल करें। जब आप दशहरा, दीवाली का त्यौहार मनाते हो तो पटाखों का इस्तेमाल ना करें। यह ध्वनि, मिट्टी के साथ-साथ प्रकाश प्रदूषण का कारण बनता है। प्रदूषण को कम करने के लिए हमें गांवों को बचाकर रखना होगा, वहां की हरियाली को खत्म होने से रोकना होगा और शुद्ध हवा और पानी को दूषित होने से बचाना होगा। पर्यावरण को दूषित होने से रोकने के लिए हमें छोटे-छोटे प्रयास करने की जरूरत है, तभी देश में कोई बदलाव या परिवर्तन लाया जा सकता है । इन छोटे-छोटे प्रयासों से ही हम प्रदूषण को खत्म करने के अपने सपने को पूरा कर सकेंगे। इसलिए प्रदूषण को हम सबको मिलकर खत्म करना होगा और हम ऐसा कर भी सकते हैं।

-निष्ठा द्विवेदी
बी०ए०, II[nd] सेमेस्टर

चलो! आज इस दिल को समझाया जाए

चलो! आज इस दिल को समझाया जाए,
जो मिल नहीं सकता आज उसी को ढूंढा जाए,
मेरे इंद्रधनुष में आज रंगो की कमी है...
क्यों ना मिलावट से दूर एक रंग भरा जाए,
जज्बातों का शहर आज बिल्कुल खाली है,
नए रिश्तें ना बनाकर... क्यों ना पुराने को निभाया जाए,
हर कोई समझाने की जिंदगी जी रहा है,
काश! कभी तो कुछ समझा जाए।
इकरार की जुबां अच्छी है बहुत
क्यों ना इश्क एकतरफा ही छोड़ दिया जाए,
दिमागी मेहनत बहुत हो गई,
क्यों ना दिल को बेवकूफ ही रहने दिया जाए।
सिमटी हुए पंखों की जिंदगी बहुत जी चुके,
क्यों ना आज इस पूरे आसमां को नाप लिया जाए,
मांगा सब कुछ है, मांगा सभी से है,
क्यों ना आज सख्त खुद्दारी मांगी जाए।
यहाँ हर रिश्तों की दुकान है, सब कुछ बेचा जाता है,
क्यों ना आज थोड़ी सी इंसानियत खरीदी जाए।
चलो! आज इस दिल को समझाया जाए,
जो मिल नहीं सकता आज उसी को ढूंढा जाए।

-करन सिंह
बी०ए० IV[th] सेमेस्टर

मसूरी ट्रेकिंग टेल्स

मसूरी जिसे ''पहाड़ों की रानी'' के रूप में जाना जाता है, उत्तराखण्ड के गढ़वाल हिमालय रेंज में स्थित है और यह स्थल प्राकृतिक सुंदरता और शांति का खजाना है। यहाँ के जलवायु, वनस्पति और जीव-जंतु इस इलाके को एक अद्‌भूत अनुभव प्रदान करते हैं।

मेरी मसूरी पद यात्रा में मुझे न केवल भ्रमण का अवसर प्रदान किया, बल्कि साहसिक गतिविधियों और प्राकृतिक विज्ञान की जानकारी का भी भरपूर अनुभव दिया। मसूरी की यात्रा भूगर्भ-विज्ञान के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। यहां के पहाड़ी स्थल, उनकी रचना तथा विकास और इसका प्राकृतिक वातावरण यात्रियों को गहरा रोमांच प्रदान करते हैं।

हमारी मसूरी ट्रेकिंग की पद यात्रा का देहरादून के राजपुर रोड से प्रारंभ हुई। यह रास्ता एक गांव से निकल रहा था। यहां के लोगों और मेरे सहपाठियों की मिलनसारी ने अनुभव को और भी बेहतरीन बना दिया। कुछ दूर चलने के बाद ही हमारी ट्रेकिंग यात्रा का हमें पहला बिन्दु दिखाई दिया, जिसके बारें में हमारे प्राध्यापक मेजर प्रदीप सिंह सर एवं प्राध्यापिका दीपिका शुक्ला मैम द्वारा हमें उसकी जानकारी दी गई एवं बताया गया कि आज से करोड़ों वर्ष पूर्व यहां पर टेथिस नामक एक विशाल गहरा सागर था जो भू-वैज्ञानिक परिवर्तनों से आज एक उन्नत पर्वत माला है। इसके आलावा, इस इलाके में वैज्ञानिक अध्ययन और शोधों ने इसके पारिस्थितिकीय और भौतिकीय गुणधर्मों को समझने में मदद की है। मसूरी को पर्यटन स्थलों में कार्बनेट और स्लेट पत्थरों की विविधता यहाँ की प्राचीन चट्टाने और उनकी रचना और विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां होती हैं। यह सब ज्ञान एकत्रित करने के बाद हम एक कच्चे से रास्ते की ओर चल पड़े जिसे मियूल ट्रेक के नाम से भी जाना जाता है। यह रास्ता पहले व्यापार और कई अन्य चीजों को लाने के लिए खच्चर द्वारा प्रयोग किया जाता था। उसी रास्ते से आगे बढ़कर हमने देखा यहाँ के घुमावदार रास्ते, हरी-भरी घाटियां, वहां की सुहावनी ठंडी हवा में ताजगी, जो एक सुखद आनन्द प्रदान करती है।

इतिहास में रूचि रखने वाले यात्री यहां का भ्रमण अवश्य करें। यहां से मिलने वाले दून घाटी और हिमालय के दृश्य सच में अविस्मरणीय है। मसूरी का भौतिक स्वरूप पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। यहां की गहरी घाटी, उन्नत गाज, और जलवायु अपनी विशेषता से इसे अन्य पर्यटन स्थलों से अलग करता है।

इन पहाड़ियों पर आगे चलते ही हमें दिखी अंग्रेजों द्वारा निर्माणीत सुरंग जो कि रेलवे लाइन लगवाने के लिए बनाई गई थी परंतु वहां का कार्य अधूरा रह गया था। यह सुरंग देखने के बाद और कुछ ज्ञान एकत्रित करने के बाद हम आगे बढ़े, करीब दस किलो मीटर चलने के बाद एक जल के स्रोत मिलने पर हमें एक उम्मीद की आशा दिखी, उसका जल अत्यंत मीठा था, मानों उस जल से हमारी आत्मा में शुद्धि आ गई हो। उसके आगे चलकर पहाड़ियों पर हमने विभिन्न प्रकार की चट्टानों को देखा और उन चट्टानों के बारे में ज्ञान एकत्रित किया, जिससे मेरी भू-वैज्ञानिक ज्ञान में वृद्धि हुई।

पहाड़ों की श्रृंखला को निहारनते हुए मैंने सोचा, मसूरी ने मुझे एक संपूर्ण मिश्रित्र आनन्द प्रदान किया है जिसमें साहस, आराम, संस्कृति की झलक मिली, और फिर इतना कुछ जानने के बाद और दूर चलने के बाद हमें आवश्यकता थी कुछ विश्राम की एवं भोजन की, तो हमने वहीं पर विश्राम और खाना खाने का फैसला लिया। विश्राम करने के बाद हम फिर चल पड़े अपनी पद यात्रा पर और आगे जाकर हमने देखा वहाँ कुछ अवशेष और एक अंग्रेजों के समय में निर्माणित पानी का टैंक जो अब बंद हो चुका था। फिर हम अपने अगले बिन्दु ओक ग्रो स्कूल पहुंचे। जो कि सन् 1870 में रेलवे ने आरंभ किया था और आज भी उत्तर भारत के स्कूली शिक्षण संस्थानों में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जैसे ही हम यहाँ पहुंचे भीषण वर्षा का आगमन हुआ। थोड़ा इंतजार करने के बाद जैसे ही वर्षा कम हुई हम फिर पनी यात्रा पर निकल पड़े। शाम होने को थी इसलिए हमने फैसला लिया कि अब हमें फिर से नीचे उतर जाना चाहिए तो अपनी यात्रा पूर्ण करके हम वापस चल पड़े।

मेरी मसूरी की पद यात्रा जीओलॉजी के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। मसूरी में जलवायु और मौसम बहुत ही उत्कृष्ट होते हैं, जो इसे एक पर्यटक स्थल के रूप में और भी आकर्षक बनाते हैं। यहाँ के मुसाफिर गर्मियों में ठंडक और सर्दियों में हिमपात का लाभ उठा सकते हैं। यहाँ के पर्यटन स्थल, वनस्पति और जलवायु न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं, बल्कि इसके भौतिक और प्राकृतिक गुणधर्म भी वैज्ञानिक अध्ययन के लिए महत्वपूर्ण है।

मसूरी सिर्फ एक स्थान नही है, यह एक अनुभव है, जो सुंदरता और शांति से भरपूर है और चाहे आप एक ट्रेकर हो, इतिहास के शौकीन हो, या बस मन की शांति की तलाश में हो, मसूरी हर एक के लिए कुछ खास पेश करता है। यह एक शानदार स्थान है जो एक यादगार यात्रा का वादा करता है। जैसे मेरी पद यात्रा बहुत यादगार रही।

खुशबू सैनी

बी०एससी० VI[th] सेमेस्टर

कुछ शब्द ईश्वर से

तुम साथ हो मेरे साए से
बिना पदचाप के
मैं तुम्हीं को खोजने के
रास्तों को खोजती हूँ

तुम धड़कते हो ह्रदय में
बनके एक अनवरत कम्पन
पाने को अनुभूति तुम्हारी
मैं जतन अब सोचती हूँ

मन न जाने क्यों भटकता है
यहाँ के बन्धनों में
यू तो मैं मन को यहाँ
बंधने से बहुत रोकती हूँ।

धूल कपट की चढ़ी है
यहाँ सभी मन दर्पणों पर
मैं भी उनमें से हूँ
यह कैसे कहूँ मैं पूछती हूँ।

प्रो० दीपाली सिघंल
प्रोफेसर
विभागाध्यक्ष-रसायन विभाग

स्वयं की पहचान

जंगल-जंगल ढूंढ रहा
मृग अपनी कस्तूरी को...
कितना मुश्किल है तय करना
खुद से खुद की दूरी को...

इधर-उधर भटक रहा
ढूंढे अपनी खुशियों को...
कितना मुश्किल हे उसे जानना
अंतर मन से दूरी को...

मंदिर मस्जिद घूम रहा
ढूंढे अपने आराध्य को...
कितना मुश्किल है उसे समझना
परमात्मा से दूरी को...

संसार के पीछे चल रहा
ढूंढे अपने लक्ष्य को...
कितना मुश्किल है उसे पहचानना
अपने हुनर से दूरी को...

-संगीता
बी०एससी० (पीसीएम) II[nd] सेमेस्टर

भारतीय साहित्य में नारी चित्रणः समस्याएं, समाधान और नए दृष्टिकोण

भारतीय साहित्य ने हमेशा से समाज की धार्मिकता, सामाजिक सरंचना और नारी के स्थान को व्यक्त करने का माध्यम बनाया है। नारी चित्रण एक ऐसा विषय है जिसने विभिन्न युगों में कई मुद्दों और उत्थानों का परिचय दिया है। इस लेख में हम भारतीय साहित्य में नारी के चित्रण की समस्याओं के प्रति विचार करेंगे, नए समाधान प्रस्तुत करेंगे, और उसे नए दृष्टिकोण से देखेंगे।

स्थानिकता और प्रतिबद्धता

भारतीय साहित्य में महिलाओं को अक्सर स्थानिकता और प्रतिबद्धता के रूप में दिखाया गया है, जिससे उन्हें परिवार और समाज में बचाव का चित्र बनाया जाता है। कहानियों में महिलाओं को घरेलू कामों, परिवार की देखभाल और समाज में उनकी स्थानिकता का विवरण किया जाता है।

सामाजिक असमानता

भारतीय साहित्य में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक असमानता के रूप में चित्रित किया जाता है, जिससे उन्हें पुरुषों के साथ बराबरता और स्वतंत्रता का अधिकार नहीं मिलता।

कहानियों में, महिलाओं को शिक्षा, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिबंधितता के माध्यम से उनकी असमान स्थिति का विवरण किया जाता है।

सामाजिक प्रतिबंधितता

कई बार भारतीय साहित्य में महिलाओं को सामाजिक प्रतिबंधितता के कारण प्रतिबिम्बित किया जाता है, जिससे उन्हें अपने अधिकारों का सामर्थ्यपूर्ण उपयोग करने में कठिनाई होती है। कहानियों में महिलाओं को उनके सपनों, अभिलाषाओं और सामाजिक प्रतिबंधों के साथ कैसे निपटाना होता है, इसका विवरण किया जाता है।

महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याएं

महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं को साहित्य में भी उजागर किया गया है। इनमें महिलाओं के मासिक धर्म, गर्भावस्था और स्त्री रोग शामिल है। कहानियों में महिलाओं के स्वास्थ्य समस्याओं को उनके सामाजिक सदंर्भ में दर्शाया जाता है, जो उन्हें समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित करता है। इसके अलावा, महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों को सामाजिक एवं पारिवारिक दबाव, आर्थिक असमानता और अवसाद जैसे कारकों से भी जोड़ा जाता है।

समाधान और नए दृष्टिकोण

महिलाओं के चित्रण में समस्याओं के साथ-साथ समाधान भी दिखाया जाता हैं। भारतीय साहित्य में कुछ लेखकों ने नारी के स्वावलंबन, शिक्षा और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए उपलब्धियों को विशेष रूप से उजागर किया है। साथ ही इससे समाज में नारी के स्थान को मजबूत करने की दिशा में नए दृष्टिकोण प्रस्तुत किए जाते हैं।

नए दृष्टिकोण

आधुनिक काल में भारतीय साहित्य ने नारी के चित्रण में कई उभार दिए हैं। अब नारी को समाज के हर क्षेत्र में समानता के अधिकारों का उपयोग करने का अधिक उत्साह मिल रहा है। वह महिलाएं जो पहले केवल घर के कामों में लगी रहती थी, अब समाज में अपनी पहचान बना रही हैं। साहित्य में नारी का नया चित्र विकसित हो रहा है, जिसमें उन्हें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्रों में सक्रिय भागीदार के रूप में दर्शाया जा रहा है। नारी शक्ति के संघर्ष के किस्से और उनके उदाहरण भी साहित्य में उजागर किए जा रहे हैं, जो महिलाओं को सामाजिक बदलाव की ओर प्रेरित करते हैं।

धर्म और सांस्कृतिक परंपरा

भारतीय साहित्य में महिलाओं का धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरागत स्थान उनके चित्रण में महत्वपूर्ण है। धार्मिक और सांस्कृतिक अनुष्ठानों, रीति-रिवाजों और प्रतिबंधों के माध्यम से महिलाओं की भूमिका का विवरण किया जाता है।

नारी शिक्षा और जागरूकता

शिक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में महिलाओं की समस्याओं के समाधान को भारतीय साहित्य में उजागर किया जाता है।

महिलाओं के शिक्षा के महत्व, उनके उत्थान की कहानियाँ, और उनके स्वतंत्रता की प्रेरक कहानियाँ इस विषय पर विचार करती हैं।

नारी सशक्तिकरण

साहित्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया जाता है। महिलाओं के स्वावलंबन उनके सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक संघर्ष और उनकी समाज में अपनी आवाज को बुलंद करने की कहानियाँ इस विषय पर विचार करती है।

नारी और प्रौद्योगिकी

महिलाओं के प्रौद्योगिकीकरण के उत्थान को भारतीय साहित्य में दर्शाया जाता है। वहां के उदाहरण जैसे कि महिलाओं के वैज्ञानिक योगदान, डिजिटल स्वाधीनता और नई प्रौद्योगिकी के उपयोग से संबंधित कहानियां, महिलाओं के प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

महिलाओं के कानून और अधिकार

भारतीय साहित्य में महिलाओं के अधिकार और कानूनी मुद्दों का भी विस्तार से विचार किया जाता है। इसमें विवाह, तलाक, विवाह संबंधिक अधिकार, संपत्ति के हक और महिला संरक्षण कानून जैसे मुद्दे शामिल होते हैं।

महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता

साहित्य में महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता के विभिन्न पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाता है। इसमें महिलाओं के उद्यमिता, रोजगार के अवसर और आत्मनिर्भरता की कहानियाँ शामिल होती हैं।

महिला आर्थिक उत्थान

साहित्य में महिलाओं के आर्थिक उत्थान और वित्तीय स्वतंत्रता के विषय में भी विचार किया जाता है। इसमें महिलाओं के उद्योग, व्यवसाय और वित्तीय योजनाओं की कहानियाँ शामिल होती है।

उपसंगति

इस प्रकार महिलाओं के चित्रण के माध्यम से हम एक समृद्ध, समावेशी और उन्नत समाज की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। महिलाओं को समाज में समानता, समरसता और सहिष्णुता के साथ जीने का अधिकार मिलना चाहिए, और साहित्य में उनके चित्रण के माध्यम से हम इस उद्देश्य की दिशा में प्रयासरत हो सकते हैं। महिलाओं के संघर्ष, साहस और सफलता के किस्से साहित्य के माध्यम से बताते हैं कि वे भी समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इस प्रकार, हम समाज को समृद्ध समावेशी और उत्तम बनाने के लिए अपना योगदान देते हुए महिलाओं के प्रति हमारे दृष्टिकोण को और भी समृद्ध कर सकते हैं। इस प्रकार हम एक सशक्त, समर्थ और समृद्ध समाज की दिशा में प्रगति कर सकते हैं, जिसमें समानता, समरसता और सहिष्णुता के मानको का पालन हो। यह एक सशक्त, समर्थ, और समृद्ध समाज की दिशा में हमारा योगदान है, जो हमें एक समृद्ध भविष्य की ओर ले सकता है।

–आयुशी रावत
बी०ए०, IInd सेमेस्टर

हिन्दुस्तान रहेगा

ना किसी हिन्दू की है,
ना किसी मुसलमान की,,
हर हिन्दुस्तानी के खून से बनी
यह माटी है, मेरे हिन्दूस्तान की,
लाखों, सैकड़ों कुर्बानियों के बाद
यह आजादी 75 साल पहले हमने पाई है।
कितने ही देश के बेटों और बेटियों
ने अपनी जान गवाई है।।
नफ़रत और मजहब की दिवारें,
अब न हम उठने देंगे कभी,,
तिरंगा शान और प्रतिष्ठा है हमारी,
झूकने ना देंगे हम इसको कभी।।
जब तक सांसे रहेंगी
प्यार का ही बस इस दिल में पैगाम रहेगा,,
प्राण है, जब तक इस तनमन में,
तब तक दिल में केवल हिन्दूस्तान रहेगा,,
तब तक इस दिल में केवल हिन्दूस्तान रहेगा।।

–साक्षी
बी०ए०, IVth सेमेस्टर

विश्वविद्यालयों में ध्यान की शिक्षा
" मन की मृत्यु-ध्यान है"

ध्यान क्या है?- "साक्षी है ध्यान की आत्मा" ध्यान अभियान है- सबसे बड़ा अभियान, जिस पर मनुष्य का मन निकल सकता है ध्यान है बस होना- कुछ भी न करते हुए-कोई क्रिया नहीं, कोई विचार नहीं, तुम बस हो । और यह एक खालिस आनन्द है। कहां से आता है यह आनन्द जब तुम कुछ भी कर नहीं रहे हो? यह आता है न कहीं से या कि आता है सब कहीं से । यह अकारण है क्योंकि यह अस्तित्व बना है उस तत्व से जिसे कहते हैं आनन्द।

- विश्वविद्यालयों में ध्यान की आवश्यकता :- (क्यों?) अभी तक ऐसे विश्वविद्यालय खोजना मुश्किल है जो ध्यान की शिक्षा या ध्यान का अनुभव कराते हो।
- यदि प्रत्येक छात्र-छात्राओं को ध्यान की शिक्षा दी जाए तो उनका हृदय अधिक प्रेमपूर्ण, निर्मल व बेहतर व्यक्तित्व की ओर अग्रसर रहेगा।
- वह अपने जीवन में जो भी कार्य करेंगे, अधिक प्रेमपूर्ण, साक्षीभाव व परमात्मा को समर्पित होकर कर पायेंगे।
- वे इस सृष्टि की सबसे बड़े आनन्द को अनुभव कर पायेंगे व मनुष्य के जीवन के लक्ष्य को भी समझ पायेंगे।
- यदि ध्यान की शिक्षा विश्वविद्यालयों में शुरू की जाए तो हम छात्र-छात्राओं, विचारों से ऊपर की ओर लेकर जा सकते हैं, क्योंकि विश्वविद्यालयों में विचारों के अतिरिक्त कुछ मिलता भी नहीं है।

ध्यान के प्रभाव:

- देश के युवाओं व युवतियों की ऊर्जा को एक सार्थक दिशा दी जा सकती है।
- अक्सर विश्वविद्याल जीवन में व्यक्ति अकेला महसूस करता हैं ध्यान उसकी सबसे अच्छी दवा है ध्यान से व्यक्ति अकेले भी अपने साथ एकान्त का आनन्द लेने लगता है।
- व्यक्ति अपने आपको समझने लगता है।
- ध्यान के द्वारा ही पहली बार मनुष्य धर्म (स्वधर्म) को जानता है और वास्तविक रूप से धार्मिक बनता है।

कभी-कभी मुझे ऐसा लगता है कि बस मनुष्य भागा जा रहा कि धन से सुख मिलेगा, पद से सुख मिलेगा, सम्मान से सुख प्राप्ति होगी,या बड़ा घर होगा तो सुख मिलेगा। परन्तु मैं उन लोगों को देखता हूं जिनके पास सब कुछ है परन्तु उनके जीवन में मैं कुछ शान्ति नहीं देखता, वही अशान्ति दिखाई देती है। कोई सुख की झलक नहीं मिलती। (क्यों?) क्योंकि मुझे लगता है, हम सब को गलत बताया गया है कि भागने से सुख मिलता है जबकि सुख या परम आनन्द ठहरने से प्राप्त होता है। मैं कोई धन, पद, यश का विरोधी नहीं हूं परन्तु सुख का सम्बन्ध इनसे नहीं है।

सुख का अनुभव ध्यान में जाने से ही प्राप्त होता है न अतीत में कोई उपाय था न वर्तमान, न भविष्य में। सुखी होने का एकमात्र उपाय है ध्यान में डुबकी मारने से।

-अम्बर कपरवाण
एम०ए० (अर्थशास्त्र) II[nd] सेमेस्टर

अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो सूरज की तरह जलना सीखो।

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

पहला सुख निरोगी काया – कैसे? (प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग प्राणायाम)

आज व्यक्ति इस भाग-दौड़ की जिन्दगी में रोजगार, व्यापार व घर की समस्याओं से बहुत परेशान होता जा रहा है। इसीलिए अपने स्वास्थ्य पर अपना ध्यान नहीं दे पा रहा है। वैसे व्यक्ति का जीवन एक चुनौती है और उस चुनौती का सामना करना पड़ता है। समस्याएं हर व्यक्ति के सामने समय-समय पर आती हैं जो व्यक्ति साहस, धैर्य और शांति से उन समस्याओं का हल निकालता है तथा अपने जीवन को ऊपर उठा ले जाता है। वही व्यक्ति वास्तव में शारीरिक व मानसिक तौर से स्वस्थ है।

इसीलिए शास्त्रों में कहा है –" धर्मार्थ काम मोक्षणायरोग्यं मूल मुक्तमम"। धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष का सर्वोत्तम आधार व्यक्ति का स्वास्थ्य है। रूप-रंग, धन, गुण, सम्पत्ति, विद्या, बुद्धिमान, सम्मान, अच्छी नौकरी आदि सभी कुछ विद्यमान हो, लेकिन स्वास्थ्य सही नहीं है तो किसी का उपयोग नहीं कर सकता है। फिर भी आज देखा जाय तो आज हर व्यक्ति दु:खी, अशांत, अस्वस्थ, असफल है। इसलिए नहीं कि वह सब भगवान की ओर से मिला अभिशाप है या उसके भाग्य में वैसा ही लिखा है। यह हमारी अज्ञानता और असावधानी के कारण ही होता है।

मानसिक रूप से भी व्यक्ति तब स्वस्थ होता है जब उसके शरीर में शक्ति प्रचुर मात्रा में भरी हो । उसी शारीरिक दृष्टि से भी व्यक्ति चरित्र और नैतिक तत्वों की रक्षा कर सकता है। आत्मबल तथा मनोबल भी शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। स्वास्थ्य रहेगा तो आत्मविश्वास, उत्साह, शौर्य, पराक्रम इत्यादि गुणों का होना स्वस्थ व्यक्ति में ही संभव है। दुर्बल व्यक्ति मैं आत्महीनता, पराजय, आलस्य, कायरता परवशता का ही शिकार हो जायेगा।

आज विज्ञान अपनी उपलब्धियों की चरम सीमा पर पहुँच गया है लेकिन रोगों में कमी नहीं आयी है। रोग नये-नये रूप लेकर हमारे सामने आ रहे हैं, अस्पतालों में रोगियों की भीड़ बढ़ती जा रही है। समस्याओं को सुलझाने के लिए नये-नये अस्पताल खोले जा रहे हैं। ज्यों-ज्यों सभ्यता का विकास हो रहा है वैसे-वैसे रोगों की बाढ़ बढ़ती जा रही है। इन सबके पीछे सब लोगों की यह धारणा बन चुकी है कि दवाईयों से ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आज का आविष्कार यही तक सीमित है क्योंकि डॉक्टर लोग स्वास्थ्य को प्राप्त करने दवाईयों के पीछे दौड़ रहा है। शरीर स्वस्थ हो और दवाईयों की आवश्यकता न हो। स्वास्थ्य के लिए दूसरों पर निर्भर न रहना पड़े।

आज मनुष्य ने अपना जीवन इतना आरामदायक बना लिया है और खान-पान, रहन-सहन भी बनावटी बना लिया है वे लोग आज टॉनिक में स्वास्थ्य लाभ ढूंढ रहे हैं। यह स्थिति पूरे भारत की नहीं विश्व की है। विश्व में जो तनाव, अशांति, लड़ाई-झगड़े हैं इन सबका कारण शारीरिक एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ मन है। जितने भी देश विकसित व समृद्ध हैं वहां के अधिकांश लोग नींद की गोली खाकर सोते हैं, मन को शांत करने के लिए शराब, धूम्रपान आदि मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं।

आज का युवक जिसके कन्धों पर देश व समाज का भार निर्भर है, वही कुरीतियों को अपना रहे हैं। लेकिन स्वस्थ रहने के लिए मानव को कोई विशेष प्रकार की दवा या टॉनिक लेने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि विज्ञान आज भी शरीर का कोई अंग-प्रतंग नहीं बना सका है। काट-छाट भले ही कितना कर ले।

मानवरूपी शरीर की संरचना कुदरत (प्रकृति द्वारा की गयी है) लेकिन हम उसे बिगाड़कर उसके साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसीलिए बीमारियां बढ़ते जा रहे हैं, हम प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं। फिर भी प्रकृति अपनी ओर आकृष्ट कर हमें अच्छी हवा, पानी, फल समय-समय पर उपलब्ध कराती रहती है। मौसम के अनुसार सब्जियां, कन्दमूल, फल हमें हर ऋतु में देती रहती है। हम प्राकृतिक भोजन का सही उपयोग करें तो अस्वस्थ होने की कोई बात ही नहीं है। प्राकृतिक चिकित्सा हमें इन सब बातों को लेकर स्वस्थ रहने की प्रेरणा देती है।

प्राकृतिक चिकित्सा एक जीवन जीने की कला है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शरीर से विजातीय द्रव को बाहर निकालना है। इनमें मुख्य रूप से पानी, मिट्टी, वाष्प और वायु द्वारा चिकित्सा की व्यवस्था है। जो सब जगह आसानी से उपलब्ध हो सकती है। कहावत भी है सब रोगों की यही दवा ''मिट्टी, पानी व हवा''। प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा प्रत्येक शरीर के अंगों का शोधन किया जाता है। उसे वाष्प द्वारा कटि स्नान, मालिश, एनिमा, टब स्नान इत्यादि साधनों द्वारा शरीर को निरोग बनाया जाता है। आहार का संशोधन कर उसे जितना हो प्राकृतिक तौर पर लिया जाय लेकिन कुछ उबालकर भी लिया जा सकता है। ऋतु आहार, हित आहार तथा मित आहार का विशेष ध्यान रखते हुए भोजन की

व्यवस्था करनी चाहिए। प्राचीन काल में हम लोगों का आहार शुद्ध, ताजा एवं पौष्टिक था। उस समय किसी वस्तु का अभाव नहीं था, लोग सुखी जीवन व्यतीत करते थे। दैविक, दैहिक, भौतिक ताप का कोई नामो-निशान तक नहीं था। आज उसके प्रतिकूल आचरण करके अनाज का अभाव परस्पर ईर्ष्या, द्वेष, युद्ध, लूटमार तथा भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। इस समस्या का हल वैज्ञानिक व समाज सुधारक भी नहीं कर पायेंगे, क्योंकि हम लोगों का खाना-पीना बिगड़ चुका है।

प्राकृतिक चिकित्सा में निर्जीव अस्वस्थकर दोषों को निकालकर शुद्ध पौष्टिक आहार बनाकर खिलाते हैं, तभी मनुष्य स्वस्थ एवं दीर्घजीवी हो सकता है। इसीलिए आज के युग में प्राकृतिक चिकित्सा, योग-प्राणायाम द्वारा ही जटिल से जटिल रोगों का उपचार हो सकता है और व्यक्ति निरोग हो जाता है। इसी प्रकार शरीर से प्राणायाम का बहुत गहरा सम्बन्ध है। उसी से निरोगी काया हो सकती है। जैसे कि कहा गया भी गया है- तस्मिन सति श्वांस प्रश्वांसयोगति विच्छेद: प्राणायाम।

आसन के सिद्ध होने पर श्वास-प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम है। बाहर की वायु नासिका द्वारा अन्दर प्रवेश करने को श्वास कहते हैं तथा जब फेफड़ों से अशुद्ध वायु बाहर आती है तो उसे प्रश्वास कहते हैं। शरीर की वायु का निरोध होना ही प्राणायाम है। रेचक, कुम्भण, पूरक प्राणायाम के तीन भेद हैं। कई ऋषियों ने प्राणायाम के चार भेद भी बतायें हैं। चारों प्राणायामों की साधना (ज्ञान) से प्रकाशित प्रकाश को ढकने वाला अंधकार (अज्ञान) का आवरण टूट जाता है। साधक बहुमुखी प्रतिभा का धनी हो जाता है। सामान्य श्वास लेने से हृदय और फेफड़े फूल नहीं पाते जिनका एक तिहाई क्षेत्र निस्कृत्य पाया जाता है। प्रात:काल व सायंकाल श्वास-प्रश्वास का अभ्यास किया जाय तो फेफड़े धीरे-धीरे फूलते जायेंगे। जिससे शरीर में प्राण की शक्ति की वृद्धि होती जायेगी। फलस्वरूप शरीर को अधिक ऊर्जा मिलती जायेगी।

प्राणायाम के अभ्यास से हृदय की गति व धड़कन में वृद्धि होती है जिससे शरीर में रक्त संचार तीव्र होता है। जिससे हृदय तंत्र का कार्य भी तेज हो जाता है, जब हृदय तेज धड़कता है तो श्वास-प्रश्वास में भी अन्तर आ जाता है। यदि श्वास-प्रश्वास को तालबद्ध कर दिया जाय तो रक्त का परिभ्रमण भी तेज हो जाता है। वायु मण्डल में विभिन्न प्रकार की गैसों का सम्मिश्रण है। जिसमें 70x नाइट्रोजन, 20x आक्सीजन और 04x कार्बन डाई आक्साइड। शेष वाष्प और अन्य गैसें होती है। प्रश्वास के समय अन्य गैसे उतनी मात्रा में रहती हैं, लेकिन ऑक्सीजन 16x रह जाती है। जब अभ्यास के बल पर फेफड़ों का विकास होता जाता है, आक्सीजन भी फेफड़ों तक अधिक प्रवेश करती है। सामान्य रक्त भ्रमण से हमारे कोशिकाओं (सेल) तक रक्त नहीं पहुंच पाती है तो वे अस्वस्थ रहते हैं। श्वास-प्रश्वास को तेज कर दिया जाय तो वे स्वस्थ रहते हैं।

अस्वस्थ रक्त भ्रमण को स्वस्थ किया जाता है जिससे शरीर को ऊर्जा अधिक मिलती है। प्राणायाम द्वारा पांचों कर्मन्द्रियों तथा पांचों ज्ञानन्द्रियों को स्वस्थ करने में पूर्ण सहयोग मिलता है। इसीलिए प्राणायाम को जीवन शक्ति की उपमा दी गयी है। इसी से व्यक्ति स्वस्थ तथा दीर्घायु होता है।

डा० हरीश चन्द्र जोशी
एसोसिएट प्रोफेसर
रसायन विभाग

जंगलों में आग लगाया न करो

जंगलों में आग लगाया न करो,
तुम पाप के भागी बना न करो।
अनगिनत जीवों का आशियाना है जंगल,
इस आशियाने को आग में जलाया न करो।
कोई बेजुबान घर बना भी रहा होगा,
कोई अपनों के लिए खाने की तलाश में गया भी होगा।
न जाने आग ने कितने घर जलाएं भी होंगे
कितनों की मेहनत तार-तार भी हुई होगी।
बेजुबानों की आवाज को इंसानों ने सुना भी नहीं होगा।
तभी तो बेवजह जंगल को यूं आग की लपटों में जला दिया,
जंगलों में आग लगाया न करो,
तुम पाप के भागी बना न करो।

-तनीषा बसेड़ा
एम०एससी० (रसायन), IInd सेमेस्टर

महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण के बारे में जानने से पहले हमें ये समझ लेना चाहिए कि हम 'सशक्तिकरण से क्या समझते हैं।' सशक्तिकरण से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उस योग्यता से है जिसमें वो अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके।

परिचय

महिला सशक्तिकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाएं शक्तिशाली बनती है जिससे वो अपने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिये उन्हें सक्षम बनाना महिला सशक्तिकरण है।

महिला सशक्तिकरण का अर्थ–

स्त्री को सृजन की शक्ति माना जाता है अर्थात् स्त्री से ही मानव जाति का अस्तित्व माना गया है। इस सृजन की शक्ति को विकसित परिष्कृति कर उसे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक न्याय, विचार, विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समानता का सुअवसर प्रदान करना ही नारी सशक्तिकरण का आशय है।

कुछ मुख्य बातें–

- लैंगिक भेदभाव राष्ट्र में सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक अंतर ले आता है।
- लैंगिक समानता को प्राथमिकता देने से पूरे भारत में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला है।
- पुरुष और महिला को बराबरी पर लाने के लिये महिला सशक्तिकरण में तेजी लाने की जरूरत है।
- सभी क्षेत्रों में महिलाओं का उत्थान राष्ट्र की प्राथमिकता में शामिल होना चाहिये।
- महिला और पुरुष के बीच की असमानता कई समस्याओं को जन्म देती है।

भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता–

- शिक्षक के मामले में भी भारत में महिलाएं पुरुषों की अपेक्षा काफी पीछे हैं। भारत में पुरुषों की शिक्षा दर 81.3 प्रतिशत है, जबकि महिलाओं की शिक्षा दर मात्र 60.6 प्रतिशत ही है।
- भारत में महिला सशक्तिकरण की आवश्यकता का एक और मुख्य कारण भुगतान में असमानता भी है। एक अध्ययन में सामने आया है कि समान अनुभव और योग्यता के बावजूद भी भारत में महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा 20x कम भुगतान दिया जाता है।

भारत में महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की भूमिका–

निम्नलिखित योजनाएं इस प्रकार हैं–

- बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना।
- महिला हेल्पलाइन योजना।
- उज्ज्वला योजना।
- स्पोर्ट टू ट्रेनिंग एंड एम्लॉयमेंट प्रोग्राम फॉर वूमेन।
- पंचायती राज योजनाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण।

जब है नारी में शक्ति सारी।
तो क्यों हम उसे कहे बेचारी।।

– तेजस्वी ध्यानी
बी०एससी०, IVth सेमेस्टर

बाल मिठाई

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक नगरी अल्मोड़ा से ही बाल मिठाई और सिंगौड़ी का आविष्कार हुआ था। बाल मिठाई का इतिहास सैकड़ों साल पुराना है। पर्वतीय शहर अल्मोड़ा में बाल मिठाई के जनक हलवाई जोगा लाल शाह माने जाते हैं। जोगा लाल शाह ने ही सबसे पहले ब्रिटिश शासनकाल में सन् 1865 में बाल मिठाई का निर्माण शुरू किया था। धीरे-धीरे बाल मिठाई ने अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी। आज अल्मोड़ा शहर में जोगा लाल शाह की दुकान के साथ ही खीम सिंह, मोहन सिंह समेत दर्जनों दुकानें बाल मिठाई को बनाने लगे। आज बाल मिठाई न केवल अपने देश में प्रसिद्ध है, बल्कि विदेशों में भी अपनी पहचान बना चुकी है। बाल मिठाई की एक खासियत ये भी है कि ये जल्दी खराब नहीं होती है। जोगा लाल शाह की दुकान को आज उनकी पांचवीं पीढ़ी यहां लाल बाजार में चला रही है। उनके पौत्र निखिल शाह बताते हैं कि सबसे पहले बाल मिठाई के निर्माता उनके परदादा ही थे। उस दौर में अंग्रेज भी बाल मिठाई को पसंद करते थे। वो यहां से बाल मिठाई पानी के जहाज से ले जाते थे। आज भी ये मिठाई अमेरिका, जर्मनी, आस्ट्रेलिया समेत कई देशों में पसंद की जाती है। अल्मोड़ा की बाल मिठाई, सिंगौड़ी और चॉकलेट देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी खासी मशहूर है। लोग सौगात के रूप में यही तीन मिठाइयां लेकर यहां से जाते हैं। यहां बाल मिठाई बनाने का इतिहास लगभग सौ साल पुराना है। इसके स्वाद और निर्माण के परंपरागत तरीके को निखारने का श्रेय मिठाई विक्रेता स्व. नंद लाल साह को जाता है, जिसे आज भी खीम सिंह, मोहन सिंह रौतेला और जोगालाल साह के प्रतिष्ठान संवार रहे हैं। बाल मिठाई को आसपास के क्षेत्र में उत्पादित होने वाले दूध से निर्मित खोए से तैयार किया जाता है। इसे बनाने के लिए खोए और चीनी को एक निश्चित तापमान पर पकाया जाता है। लगभग पांच घंटे तक इसे ठंडा करने के बाद इसमें रीनी और पोस्ते के दाने चिपकाए जाते हैं। जिसे बाद में छोटे-छोटे टुकड़ों में काटा जाता है। महात्मा गांधी ने भी 1929 में अल्मोड़ा आजादी आंदोलन में मिठाई का स्वाद लिया था। 24 नवम्बर को तत्कालीन पीएम राजीव गांधी ने हरीश लाल शाह को दिल्ली तीन मूर्ति भवन में बुलाकर मिठाई का स्वाद लिया। अल्मोड़ा के विख्यात बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन पीएम श्री नरेंद्र मोदी को भी बाल मिठाई भेट करते आये है। समय बदला लेकिन आज भी इस बाल मिठाई के मूल स्वरूप व गुणवत्ता पर कोई अंतर नहीं आया है बौद्धिक संपदा अधिकार और भौगोलिक संकेत के माल सुरक्षा अधिनियम 1999 के तहत स्थानीय व्यंजनों व मिठाइयों को पेटेंट किया जा सकता है, कुमाऊं के सांस्कृतिक शहर अल्मोड़ा की सबसे प्रसिद्ध मिठाई बाल मिठाई ही है। पहाड़ के लोगों को जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यहां की परंपराएंए मान्यताओं का संरक्षण नहीं होगा तो इसका समाज पर नकारात्मक असर पडना तय है। ताउम्र इनका जायका नहीं भूलने वाले है। पहाड़ के लोगों को जड़ों की ओर लौटना ही होगा। यहां की परंपराएं, मान्यताओं का संरक्षण नहीं होगा तो इसका समाज पर नकारात्मक असर पडना तय है।

प्रो० एच० वी० पन्त
प्रोफेसर-रसायन विज्ञान विभाग

उच्च शिक्षा में गणित की स्थिति

वैश्वीकरण के इस प्रगतिशील युग में विज्ञान एवं तकनीकी, आधुनिक समाज के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसमें गणित अदृश्य होकर भी एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। विद्यालयी शिक्षा में क्रमानुसार गणित का अध्ययन एक सार्थक चरण तो है, लेकिन सिर्फ अधिक अंक लाने की प्रतियोगिता के कारण उच्च शिक्षा में आते-आते अधिकांश छात्रों में गणित की रूचि का अभाव दिखता है। क्षेत्रमिति, त्रिकोणमिति, अवकलन एवं समाकलन के अध्ययन के बाद स्कूली शिक्षा समाप्त होने पर कई शिक्षार्थी कैलकुलस एवं मॉडर्न अलजेब्रा जैसे अच्छे विषयों को भ्रम में कठिन समझकर इनसे दूर हो जाते हैं। स्नातकोत्तर में जब वे एनालिसिस एवं टोपोलॉजी जैसे विषयों को पढ़ते हैं, तो उनकी नीरसता बढ़ती चली जाती है।

गणितीय पृष्ठभूमि के छात्रों के लिए एक रूचिकर तथ्य लिखा है-255 कोटि (आर्डर) का सिर्फ एक समूह (ग्रुप) संभव है, लेकिन 256 कोटि के 56092 समूह (ग्रुप) उपस्थित हैं। आप जब उच्च शिक्षा संस्थान में गणित के छात्र के रूप में प्रवेश लें तो व्यवसाय प्राप्ति के लिए अर्जित की हुई रटी अथवा कंठस्थ शिक्षा के अतिरिक्त गणितीय अभिरूचि के प्रश्नोत्तरों का अध्ययन भी समान रूप से करें, जो आवश्यक एवं तुलनात्मक रूप में आसान है, उदाहरण के लिए-

1. कंठस्थ किए हुए क्षेत्रफल संबंधी सूत्रों की उत्पति कैसे हुई ?
2. अवकलन एवं समाकलन का मूल अर्थ क्या है एवं क्यों हमें समाकलन के भिन्न प्रकारों की आवश्यकता पड़ती है ?
3. अंकरहित गणित की आधुनिक समाज में आवश्यकता एवं महत्व क्या है ?
4. गणित के किस क्षेत्र में हमें रूचि है, एवं किस अनुपात में किस सीमा तक हमें इसका अध्ययन करना है ?

यह लेख लिखने का यह उद्देश्य है, कि आप इस बात से अनभिज्ञ न रहें कि गणित के अध्ययन के लिए न कोई विशेष बुद्धि चाहिए, न ही कोई उच्च बौद्धिक स्तर, रूचि के साथ किए गए सतत अध्ययन से किसी भी स्तर की गणित सरल एवं आनंददायी लगती है, जो कि गणित से प्रेम करने वाले किसी भी अध्ययनकर्ता के लिए किसी भी अन्य पारितोषिक से श्रेष्ठ है।

निम्नलिखित परिच्छेद खंड में गणित के छात्रों को ध्यान में रखकर कुछ सरल अभ्यास प्रश्न मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन के लिए दिए गए हैं।

1. प्रथम प्राकृतिक संख्या 1, अभाज्य संख्याओं की श्रेणी में क्यों नहीं आती है ?
2. −1 का वर्गमूल शून्य से बड़ा है अथवा छोटा है।
3. किसी अव्युत्क्रमणीय आव्यूह का ऐसा उदाहरण संभव है, जहाँ आव्यूह की रैंक, विकर्ण के अंकों के योग के समान हो।
4. क्या किसी गणनीय समूह के अगणनीय उपसमूह संभव है ?
5. क्या अनन्त गणित की भाषा में एक वास्तविक संख्या है अथवा एक काल्पनिक संख्या है।

इन प्रश्नों के उत्तर स्वयं से हाँ अथवा नहीं के स्थान पर कारण एवं उदाहरण सहित हल करने का प्रयास करें, इनके उत्तर एवं संकेत निम्न प्रकार से हैं।

1. किसी भी धनात्मक पूर्णांक को अद्वितीय रूप से गुणनखण्ड में विभाजित करने के लिए 1 अभाज्य संख्या नहीं माना गया है।
2. ऋणात्मक संख्या का वर्गमूल काल्पनिक संख्याओं के समुच्चय में सामान्य क्रम में परिभाषित नहीं है। समुच्चय सिद्धान्त का एक नियम यह भी है कि किसी भी समुच्चय को अनुक्रमित किया जा सकता है, लेकिन वास्तविक संख्याओं के अनुक्रम में शून्य एवं −1 के वर्गमूल की तुलना नहीं की जा सकती है।
3. किसी भी कोटि के इकाई आव्यूह में किन्हीं भी शून्येतर संख्याओं को शून्य में परिवर्तित कर वांछनीय उत्तर प्राप्त किया जा सकता है।
4. परिमेय संख्याओं का समूह जिसमें योग संक्रिया हो।
5. अनन्त की संक्रियाओं को परिभाषित करने के लिए गणित में इसे काल्पनिक संख्याओं के समुच्चय से अलग रखा गया है।

इस प्रकार गणित में रचनात्मकता एवं प्रश्नों की कोई सीमा नहीं है, हमें अभ्यास से गणित के अध्ययन को बोझमुक्त, नीरसता रहित एवं सरस बनाना है।

इस लेख के उपसंहार में यह आश्वासन दिया जाता है, कि इस महाविद्यालय का गणित विभाग आपकी सहायता के लिए है। ईमानदारी से की गई मेहनत के बाद गणित से सम्बन्धित किसी भी प्रश्नोत्तरी के लिए स्वयं मैं भी उपस्थित हूँ।

गौरव सेमवाल
शोध छात्र, गणित विभाग

नशीले पदार्थ के दुरूपयोग

नशीले पदार्थ हमारे जीवन को समाप्त कर देते हैं। नशा समाज के लिए ऐसा दीमक है जो समय से पहले ही जीवन समाप्त कर रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति न केवल अपनी शारीरिक हानि करता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ सामाजिक वातावरण को भी दूषित करता है। नशे के प्रभाव से बच्चे, बुजुर्ग और युवा कोई भी अछूता नहीं है। मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणाम से सिर्फ भारत ही नहीं पूरा विश्व जूझ रहा है। युवा पीढ़ी इसका शिकार होकर अपने भविष्य को नष्ट कर रही है। स्त्रियां इसके कारण उत्पीड़न का शिकार हो रही है। नशा व्यक्ति, परिवार की खुशियां छीन जाता है। नशीली पदार्थों के अवैध व्यापार के खिलाफ लड़ाई के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 1987 को प्रतिवर्ष जून को नशीली पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंन्तर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाने का फैसला लिया।

ड्रग्स हमारे राष्ट्र के खिलाफ एक युद्ध के समान है, जो युवाओं को निशाना बनाता है और राष्ट्र के विकास को रोकता है। लेकिन याद रहे, हम मजबूत हैं, आइए नशा को ना कहें और अभियान में माध्यम से युवाओं को नशे की लत छोड़ने में मदद करें।

नशे को हराओ, जीवन की बाजी जीत जाओ

नशे के लक्षण

- ऐसा महसूस होना कि आपको दवा का उपयोग नियमित रूप से करना है-दैनिक या दिन में कई बार।
- दवा के लिए तीव्र इच्छा होना जो किसी भी अन्य विचार को रोकता है।
- समय के साथ, समान प्रभाव पाने के लिए अधिक दवा की आवश्यकता होती है।
- अपनी इच्छा से अधिक मात्रा में लंबे समय तक दवा लेना।
- यह सुनिश्चित करना कि आप दवा की आूपर्ति बनाए रखें।
- दवा पर पैसा खर्च करना, भले ही आप इसे वहन नहीं कर सकते।
- नशीली दवाओं के उपयोग के कारण दायित्वों और कार्य जिम्मेदारियों को पूरा नहीं करना या सामाजिक या मनोरंजक गतिविधियों में कटौती करना।
- दवा का उपयोग जारी रखना, भले ही आप जानते हो कि यह आपके जीवन में समस्याएं पैदा कर रहा है या आपको शारीरिक या मनोवैज्ञानिक नुकसान पहुंचा रहा है।
- नशीली दवाओं को पाने के लिए ऐसे काम करना जो आप
- आमतौर पर नहीं करते, जैसे चोरी करना।
- दवा प्राप्त करने, दवा का प्रयोग करने या दवा के प्रभाव से उबरने में काफी समय व्यतीत करना।

कारण

- कई जैविक और व्यावहारिक कारण किसी व्यक्ति के ड्रग्स का उपयोग शुरु करने को प्रभावित करते हैं।
- अवसाद और मानसिक बीमारी- उदास और आत्महत्या करने वाली युवा महिलाएं आमतौर पर ड्रग्स और अल्कोहल के साथ आत्म औषधि लेती हैं, जिससे उनके आदि होने की संभावना बढ़ जाती है।
- अभिभावक- बाल संचार में अंतर-अपने बच्चों के साथ बात करना सबसे महत्वपूर्ण चीजों में से एक है जो माता-पिता उसे ड्रग्स करने से रोकने के लिए कर सकते हैं।
- मनोविज्ञान के पहलू-
  1. जिज्ञासा
  2. आत्मसम्मान की समस्या
  3. बचपन का नुकसान या आघात
  4. तनाव प्रबंधन जो अप्रभावी है।
- सामाजिक पहलू
  1. तेजी से शहरीकरण हो रहा है।
  2. समाज में व्यवहार
  3. सामाजिक या पारिवारिक समर्थन की कमी है।

नशे की लत के उपचार

- विषहरण (प्रक्रिया जिसके द्वारा शरीर विषाक्त पदार्थ बाहर किए जाते हैं।)
- नशे की लत छोड़ने के लिए काउंसिलिंग
- दवा (ओपिओइड, तंबाकू या शराब की लत के लिए)
- अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों के लिए मूल्यांकन और उपचार।
- पुनरावृत्ति को रोकने के लिए दीर्घकालिक बचाव।

-लक्ष्मी सैनी

बी०ए०, IInd सेमेस्टर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020

इस नई शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों के समग्र विकास यानि ज्ञान के साथ-साथ संज्ञानात्मक, सामाजिक, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाएगा। यह आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता और समस्या समाधान, कौशल को बढ़ावा देता है, जिससे छात्रों को 21वीं सदी में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाता है।

परिचय

नई शिक्षा नीति (NEP) 2020 का लक्ष्य ''भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति (Global Knowledge Superpower)'' बनाना है। स्वतंत्रता के बाद से यह भारत के शिक्षा ढांचे में तीसरा बड़ा सुधार है।

मुख्य विशेषताएं

- प्री-प्राइमरी स्कूल से कक्षा 12 तक स्कूली शिक्षा के सभी स्तरों पर सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करना।
- 3-6 वर्ष के बीच के सभी बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक बचपन की देशभाल और शिक्षा सुनिश्चित करना।
- नई पाठयचर्या और शैक्षणिक संरचना (5+3+3+4) क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14 एवं 14-18 वर्ष के आयु समूहों से सुमेलित है।
- कला तथा विज्ञान के बीच पाठयचर्या व पाठयेतर गतिविधियों के बीच, व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं के बीच कोई सख्त अलगाव नहीं।
- बहुभाषावाद और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देने पर जोर
- वंचित क्षेत्रों और समूहों के लिए एक भिन्न लैंगिक समावेशन निधि और विशेष शिक्षा क्षेत्र...

NEP 2020 के तहत प्रमुख पहलें

- **उभरते भारत के लिए पीएम स्कूल (SHRI):** PM SHRI योजना का उद्देश्य न्यायसंगत, समावेशी और मंनोरंजक स्कूली वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा प्रदान करना है।
- **निपुण भारत:** बेहतर समझ और संख्यात्मक ज्ञान के साथ पढ़ाई में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल निपुण (National initiative for proficiencey in reading with understanding and Numeraly-NIPUN)
- **पीएम ई-विद्याः** इस पहल का उद्देश्य दीक्षा जैसे विभिन्न ई-लर्निंग प्लेटफार्म प्रदान करके और देश भर के छात्रों को ई-पुस्तकें तथा ई-सामग्री प्रदान कर ऑनलाइन शिक्षा।
- **निष्ठाः** नेशनल इनीसिएटिव फॉर स्कूल हेड्स एण्ड टीचर्स होलीस्टिक एड्वांसमेंट (National initiative for school Heads and teachers holistic Advancement- NISHTHA)
- **शिक्षा क्षेत्र में निवेश में वृद्धिः** सकल घरेलू उत्पाद का संयुक्त रूप से 6 प्रतिशत आवंटित करना होगा।

युवाओं को उनकी प्रतिभा की जगह उनकी भाषा के आधार पर जज किया जाना सबसे बड़ा अन्याय है।

मातृभाषा में पढ़ाई होने से भारत के युवा टेलेंट के साथ अब असली न्याय की शुरुआत होने जा रही है।

नई शिक्षा नीति के 5 आधार-

सब तक पहुंच ® भागीदारी ® गुणवत्ता युक्त शिक्षा ® सस्ती शिक्षा® जवाबदेही

-तनुश्री थापा
बी०एससी०, IVth सेमेस्टर



भ्रष्टाचार

'भ्रष्टाचार है एक बीमारी, दण्डित हो हर भ्रष्टाचारी'

'भ्रष्टाचार' अर्थात् भ्रष्ट + आचार। भ्रष्ट यानी बुरा या बिगड़ा हुआ तथा आचार का मतलब है आचरण जो किसी भी प्रकार से अनैतिक और अनुचित हो।

भ्रष्टाचार आज से ही नहीं अपितु सालों से चला आ रहा समाज का नकारात्मक तत्व रहा है। भारत में भ्रष्टाचार का इतिहास देखा जाये तो, प्राचीन काल में राजाओं द्वारा समाज को विभाजित कर दिया गया। यहीं से भ्रष्टाचार की शुरूआत हुई, फलस्वरूप सामाजिक ढांचा कमजोर हुआ। आक्रमणकारी भारत पर शासन करने में सफल रहे। अंग्रेजों के गुलाम बने रहे। परिणाम स्वरूप देश का विकास नहीं हो पाया। भ्रष्टाचार न केवल बुराई को जन्म देता है अपितु देश के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में भी बाधक बनता है। भ्रष्टाचार को किसी महामारी से कम भी नहीं कहा जा सकता है। एक वक्त तक किसी भी महामारी का उपचार हो सकता है, परन्तु भ्रष्टाचार रूपी यह महामारी आज सभी क्षेत्रों में देखी जा सकती है।

न्यायपालिका को देश का महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है। वहाँ भी भ्रष्टाचार देखा जा सकता है। विद्यालयों में, महाविद्यालयों में, सेना में, संचार माध्यमों (मीडिया में), राजनैतिक भ्रष्टाचार, चुनाव सम्बन्धी भ्रष्टाचार, नौकरशाही का भ्रष्टाचार, सभी क्षेत्र में भ्रष्टाचार है।

1995 में यूनाइटेड किंगडम में नोलन समिति ने भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए सार्वजनिक पदाधिकारियों, अधिकारियों, सिविल सेवकों, नौकरशाहों, नागरिक समाज और नागरिकों द्वारा शामिल किये जाने वाले सात नैतिक मूल्यों की रूपरेखा तैयार की:-

1) नि:स्वार्थता
2) सत्यनिष्ठा
3) वस्तुनिष्ठता
4) जवाबदेहिता
5) खुलापन
6) ईमानदारी
7) नेतृत्व

मेरी इन सभी बातों का यह अर्थ है कि अपने आस-पास हो रहे भ्रष्टाचार को न बढ़ावा दें, उसे न होने दें, क्योंकि भ्रष्टाचार करना एक अपराध है, परन्तु उसे बढ़ावा देना या देख कर भी अनदेखा करना महापाप है। अपने आस-पास हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठायें। अपने देश में भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण करें। भ्रष्टाचार एक अपराध है, इससे पहले कि यह हमें नष्ट कर दे, आइए इसे नष्ट कर दें।

-स्मिता
बी०ए० IInd सेमेस्टर

कॉलेज की दुनिया

1. कॉलेज की शिक्षा से व्यक्तित्व निर्माण।
सर्वांगीण विकास व आचार-विचार का ज्ञान ।। 1 ।।

2. गुरुजनों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से जीवन आसान ।
मेहनत व लगन से कर्ण की तरह योद्धा बनना महान ।। 2 ।।

3. जेब खाली पर सपने देखना महान।
छोटे गाँव से चलकर शहर में बड़े कॉलेज में जगह बनाना नहीं आसान ।। 3 ।।

4. कॉलेज की दुनिया में लगातार जीतने के लिए करने होंगे ये तीन काम।
विद्या-अविद्या और धन का करना होगा निर्माण ।।4 ।।

दीपक शाह
एम०ए० IVth सेमेस्टर (अर्थशास्त्र)

चार लोग

मैंने काफी लोगों को कहते हुए सुना है कि चार लोग क्या कहेंगे, अगर तुम ऐसा करोगे, अगर तुम वैसा करोगे, मगर तुम ऐसा नहीं करोगे तो चार लोग क्या कहेंगे। आखिर यह चार लोग हैं कौन ? मैने आज तक इन चार लोगों को कभी देखा नहीं।

वास्तव में यह ओर कोई नहीं वल्कि आपके आस-पास रहने वाले लोग हैं। यह लोग तुम्हें कभी ऊपर उठता हुआ नहीं देख सकते हैं। दुनिया के आज तक जितने भी सपने हैं अधिकांश इन चार लोगों के कारण ही पूरे नहीं हो पाये हैं। आज यही चार लोग तुम्हारे बारे में बाते बनाते हैं। किन्तु कल ही यह तुम्हारी कामयाबी पर बाहर ही बाहर तो खुश होंगे किन्तु अंदर जलकर राख हो रहे होंगे।

आखिर कब तक हमें इन चार लोगों से छुटकारा मिलेगा। यह तो मरते दम तक कुछ न कुछ कहते ही रहेंगे तो क्या हम अपनी जिंदगी जीना ही बंद कर दें ? नहीं। अगर हमें अपनी जिंदगी में कुछ पाना है तो चार लोगों के बारे में सोचना बंद करना होगा। कभी-कभी रात जो घर आने में लेट हो जाती हैं तो घर पर यह सुनने को मिलता है कि चार लोग क्या कहेंगे कि उनकी बेटी इतनी रात को घर वापस आ रही है। अब जब काम ही ऐसे आ जाते हैं कि ना चाहते हुए भी रात घर आने में थोड़ा देर हो जाती है तो अब कोई इंसान अपना काम इन चार लोगों को पूछकर ही करें आखिर कब कब यह चार लोग अपने काम से मतलब रखना शुरु करेंगे।

इन चार लोगों की वजह से बहुत से परिवारों के बीच दरार जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। हम इस पृथ्वी पर बहुत कम समय के लिए हैं इसी जीवन में हमें सभी प्रकार के कार्य करने हैं जो हमें पसंद है इसलिए कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना। छोड़ो बेकार की बातों को उनके बारे में क्या सोचना।

-संजना रावत

बी०ए०, IVth सेमेस्टर

पिता

पिता संबल है, एक उम्मीद है।
परिवार का सहारा और हिम्मत है,
पिता हर कर्ज चुकाते हैं।
पिता जमीर है, जागीर है,
बाहर से सख्त और
अंदर से नर्म होते हैं।
मेरी खुशियों का खजाना है।
पेट पर सुलाने वाला बिछौना है।
जिम्मेदारियों से भरा जीवन है,
परेशानियों से लड़ने वाला हथियार है।
पिता है तो जीवन की डोर है।
फटा जूता पहनने वाले,
घिसा कपड़ा खरीदने वाले, पिता
मेरे सपनों को पूरा करने में लगनी वाली जान है।
मुझे धूप में छांव देने वाले
मेरे पिता मेरा अभिमान है।

-स्वालिहा

बी०ए० 5th सेमेस्टर

फिर क्या होगा ?

जिन पद्चिह्नों का पीछा कर
करते हैं मंजिल की तलाश,
अदृश्य हो जाये वो पद्चिह्न
तो फिर क्या होगा ?

जलते दीपक की लौह में
करते हैं हम गर्मी का अहसास,
बुझ जाये तो दीपक
तो फिर क्या होगा ?

जिस लकड़ी के सहारे
पार कर जाते हैं ऊकाल (चढ़ाई),
टूट जाये वो लकड़ी
तो फिर क्या होगा ?

जिन सितारों के साथ
कट जाती है पूरी रात,
बिखर जाये सितारे अगर
तो फिर क्या होगा ?

-निकिता रावत

एम०एससी० (रसायन) IInd सेमेस्टर

मेरी कहानी- मेरी माँ

मैं जब भी इस धरती पर आऊँ
बस तेरा और तेरा ही आंचल पाऊँ
तेरे आँचल पर सिर छुपाऊ
और तेरे आँचल को अपना आशियाना बनाऊँ
तेरे चेहरे को देखकर होती थी बचपन में मेरे दिन की शुरूआत
आज हर दिन हर पल माँ-माँ बोलकर करू तुझे याद
बचपन से हमारे पिता होने का फर्ज तूने निभाया
खुद को रात-रात भर जागकर तूने हमें सुलाया
बचपन से तूने मुझे इस काबिल बनाया
अपनी नींदे खोकर तूने हमें पढ़ाया
मैं जब भी इस धरती पर आंऊ
बस तेरा ही...
बचपन से जिस चीज पर मैंने हाथ लगाया
अपनी इच्छाओं को मारकर तूने हर चीज मुझे दिलाया
खुद को भूखे रहकर मुझे खाना खिलाया
पिता के न होने का अहसास कभी भी नहीं दिलाया
बचपन से अभी तक जो तूने मुझे सिखाया
उसने आज मुझे अपनी जिन्दगी में आगे बढ़ाया।
अपने हृदय से लगाकर तूने मुझे कई कठिनाईयों से बचाया
अपनी ममता से तूने मुझे सजाया
अपनी नादानियों में मैंने कई बार तेरा दिल दुखाया
तूने उन्हें भी भुलाकर मुझे अपने दिल से गले लगाया।
माँ और पिता दोनों का फर्ज हर बार तूने निभाया
कही छोटी-छोटी नौकरियाँ करके मुझे इतना बड़ा बनाया,
(माँ) तेरे लिए मैं क्या लिखूँ तूने तो मुझे लिखा है
अपनी पूरी जिंदगी को हमें दिया है
तेरे लिए जितना भी करूं उतना कम है
आगे चलकर तुझे गर्व महसूस करवाऊँ, यही मेरे धर्म है
बचपन से दोस्त बनकर साथ निभाया
गुरु बनकर ज्ञान बढ़ाया
पिता बनकर जिम्मेदारी निभाई
और माँ बनकर प्यार लुटाया
मैं जब भी इस धरती पर आऊँ
तेरा और बस तेरा ही आँचल पाऊँ
माँ तो माँ होती है

-पारूल कनवासी
बी०एससी०, II[th] सेमेस्टर

ईजा (माँ)

पहाड़न में देवीक रूप छू ईजा, गर्मी में छाया जाड़न में धूप छू ईजा,
ईजा छू तो उज्याव छू अन्यार में,ईजा छू तो हँसी छू परिवार में।।
ईजा छू त झोई भात छू, ईजा छू त चुड़कानि में स्वाद छू,
ईजा छू त बुराँस में रंग छू, ईजा छू तो त्यार वारन में उमंग छू।।
ईजा छू तो हर दुरूख दूर है जाँनी, ईजा घरैकि छत व धूर छू,
ईजा गंगोत्री छू, ईजा यमुनोत्री छू, ईजा सबैनकै एक धरणी छत्री छू।।
ईजा यमुना छु, ईजा गंगैकि धार छू, साँची जब तक ईजा छू तब तक परिवार छू,
ईजा सत्यनारायणज्यूक काथ छू, ईजा छू तो दूर हर व्यथा छू।।
बँजानी धुराको धारा छू ईजा, चाँद, सूरज, ध्रुबतारा छू ईजा,
ईजा छू तो म्योर बाट साफ छू, ईजा छू त मेरि हर गल्ती माफ छू।।
ईजा तपस्या छू, ईजा भक्ति छू, सच्ची ईजाक आशीश में भौतै शक्ति छू,
ईजा तू छै तो खेतन में हरियाली छू, ईजा तू छै तो साल भर धिनाली छू।।
घरौक श्रृंगार तू छै ईजा, खुशी की बहार तू छै ईजा,
ईजा तू छै त काँणा ले फूल छन, ईजा तू छै तो ढूँगा ले धूल छन।।
तेरी उमर लम्बी है जा ईजा, तेरा हाथ म्यार ख्वार में रौ ईजा,
ईजा तू छै तो खेतन में हरियाली छू, ईजा तू छै तो साल भर धिनाली छू।।

प्रो० हर्षवर्धन पंत
रसायन विज्ञान, विभाग

''कॉलेज अभी बाकी था''

एक सफर था जो खत्म होना बाकी था,
कुछ कदम थे जिनको चलना अभी बाकी था।
अलग-अलग रास्तों पर निकल जाना बाकी था,
कॉलेज अभी बाकी थी,

कुछ आखिरी दिनों की बात थी,
किसको पता था कि नया सफर होगा।
जहां सीखें हैं जी भरकर जीना,
वो कॉलेज अभी बाकी था।।

बड़े अंजाने आये थे हम,
दूर-दूर तक किसी से रिश्ता न था।
पहली मुलाकात में कोई दोस्त बन गया,
और कोई कुछ झगड़ों के बाद दोस्त बन गया।।

संग बिताए पल हैं कितने,
मिलकर देखें याद हैं सबने।
एक अनोखी चीज दे गया हमें,
यार जिन्दगी भर के दे गये हमें।।

किसी का पैशन सिंगिंग था,
किसी के पैशन का तो पता भी न था।
किसी का डांस जैसे माइकल जैक्सन,
किसी को जोक क्रैकिंग में महारथ हासिल करनी थी।।

याद आयेंगे
असाइनमेंट का एक-एक पेज का कम हो जाना,
याद आयेंगे कॉलेज बंक करने का हर वो बहाना।
क्या कभी ऐसा भी था जमाना,
हर पल मस्ती के थे
क्यों ऐसा ये कॉलेज था अपना।।

चीटिंग
इसकी तो बात ही न पूछो
क्या-क्या कहानियाँ बन जाती थीं

कही अनकही बातों का रह जाना बाकी था
ना भूलने वाली बातों का कह जाना बाकी था
कॉलेज अभी बाकी था।।

टांग खींचना बातों-बातों में
साथ देना हर इरादों में,
बिना मतलब के लड़ना
और बिना टापिक के फालतू बकवास करना।
बेक आने पर दिलासा देना,
और गलती से नम्बर ज्यादा आने पर खुशी मनाना।
ना जाने ऐसा आगे कौन करने वाला था,
कॉलेज अभी बाकी था।।

आखिरी-आखिरी पर चल रहे थे,
कुछ घड़ी के सफर बचे थे,
फिर मुसाफिर बन चले थे,
सच कहूँ तो किस्सा जिन्दगी का बहुत सुनना बाकी था।
कॉलेज अभी बाकी था।।

जब भी डर सा महसूस हुआ
यारों ने मुट्ठी बांधी थी
हर मोड़ हर सफर पर उनका साथ निभाना बाकी था
कालेज अभी बाकी था।।

हिसाब-किताब की बात क्या करना,
लेट-नाइट साथ-साथ पढ़ना
फिर अचानक टापिक का बदल जाना बाकी था।
नई उम्मीदें नये रास्ते,
फिर से दिल लगाना बाकी था,
कॉलेज अभी बाकी था।।

जिन बातों पर रोना आया करता,
आज उन पर हंसना बाकी था।
चलो देखते हैं आगे क्या होगा,
बात-बात पर ये कहना बाकी।
कट गये इतनी जल्दी कॉलेज के ये दिन,

पीछे मुड़ती हूँ तो एक संसार नजर आता है,
बस आगे देखना बाकी था।।

मन नहीं करता किसी का जाने को यहां से,
ये सफर जो बिना मतलब का था।
कल जब कौन कहां होगा,
आज उनको दिल से लगाना बाकी था।
ना चाहते हुए भी अब निकलना बाकी था,
कॉलेज अभी बाकी था।।

शिक्षकों से ज्ञान लेना,
अभी उनका दिया गया कार्य पूरा ना करना,
अब आदत सी हो गयी।
अभी उनका आशीर्वाद लेना बाकी था,
कॉलेज अभी बाकी था।।

- आरोही नेगी
बी०एससी० (रसायन) IVth सेमेस्टर

उत्तराखण्ड की एक झलक

सुशोभितम् पावनम देवभूमि,
उत्तराखण्ड भव:
अत्र संस्कृति तोषदायिनी
अत्र संस्कृति गौरवमय् अस्ति।।

ऋषि मुनियों की तपोभूमि ये,
अभिज्ञानशकुन्तलम की रचना भूमि ये,
आदि शंकराचार्य की कर्म भूमि ये,
तीलू, सुमन, माधो, गौरा देवी पर गर्वित ये
उत्तराखण्ड कहलाता।।

ठंडी-ठंडी बर्फीली हवाओं से,
सिमटता उत्तराखण्ड।।
फूलों की घाटी से,
महकता है उत्तराखण्ड।।
धरती का स्वर्ग यही है, देवताओं का वास यही है,
तीर्थों का घाट यही है।।

गंगा के उद्धगम स्थल से
झलकता ये उत्तराखण्ड है।।
छोटे चार धामों से,
सजता है उत्तराखण्ड।।

पांच प्रयागों में बहता ये
उत्तराखण्ड।।

ऐपण, प्रकीर्ण शैली से,
चमकता है उत्तराखण्ड।।
मंडुवा, झंगौरा, काले भट (भोजन)
से महकता है उत्तराखण्ड।।

हर दिन त्यौहारों से,
झूमता है उत्तराखण्ड।।
हिमालय के मस्तक से 13 जिलों, गढ़वाल, कुमांयू
मण्डलों से बनता है उत्तराखण्ड।।
''यही कहलाता हमारा उत्तराखण्ड''

-स्वालिहा
बी०ए० 5th सेमेस्टर

कविता

"सब जाग रहे तू सोता रह"

सब जाग रहे तू सोता रह,
किस्मत को थामे रोता रह।
जो दूर है माना मिला नहीं,
जो पास भी है वो खोता रह।
सब जाग रहे तू सोता रह,
किस्मत को थामे रोता रह।
लहरों पर मोती चमक रहे,
झोकें भी तुझ तक सिमट रहे।
न तूफान कोई आने वाला,
सब तह तक गोते लगा रहे।
लहरे तेरी कदमों में है,
तू नाव पकड़ बस रोता रह।
सब जाग रहे तू सोता रह,
किस्मत को थामे रोता रह।
धूप अभी सिरहाने है,
मौसम जाने पहचाने है।
रात अभी तो घंटों है,
बस कुछ पल दूर ठिकाने है।
इतनी दूरी तय कर आया,
दो पग चलने में रोता रह।
सब जाग रहे तू सोता रह...किस्मत को थामे रोता रह...

माना कि मुश्किल भारी है,
पर तुझमें क्या लाचारी है।
ये हार नहीं बाहर की है,
भीतर से हिम्मत हारी है।
उठ रहे सब यहां गिर-गिरकर
न उठ तू यूं ही लेटा रह
"सब जाग रहे तू सोता रह, किस्मत को थामे रोता रह"

मायूस मत होना जिन्दगी से,
किसी भी वक्त तेरा नाम बन सकता है।
अगर दिल में हो आग और हौसले हो बुलंद
तो अखबार बेचने वाला भी कलाम बन सकता है...

❀❀❀

बिन्दास मुस्कुराओ, क्या गम है।
जिन्दगी में टेंशन, किसको कम है।।
अच्छा या बुरा तो, केवल भ्रम है।
जिन्दगी का नाम ही कभी खुशी, कभी गम है।।

मनीष डोभाल
बी०एससी० II[nd] सेमेस्टर

बेटियाँ

माँ की लाडली, पिता की दुलारी होती है बेटियाँ,
जो घर को महका दें, ऐसी इत्र होती है बेटियाँ।
हर गमों को अपने आँचल में छिपा लेती है बेटियाँ,
माँ, बहन, पत्नी सबका किरदार निभाती है बेटियाँ।
जो बिन कहे समझ जाए, ऐसी होती है बेटियाँ,
फूल-सी नाजुक होती हैं बेटियां।
पिता का अभिमान होती हैं बेटियां,
रिश्तों के खातिर, समझौता कर लेती हैं बेटियाँ।
विभिन्न देवियों का स्वरूप होती है बेटियाँ,
माँ-बाप का सहारा बन जाती है बेटियाँ।
सृष्टि की पहली अंकुरित बीज होती है बेटियाँ,
रिश्तों की डोर सम्भालती है बेटियां।
शादी के बाद भी, मायके को नहीं भूलती हैं बेटियाँ,
अपने आप से पहले परिवार को रखती है बेटियाँ।
खाना बनाने से , अंतरिक्ष तक सबमें निपुण होती हैं बेटियाँ,
"सोनाली" किस्मत वाले होते हैं वो, जिनकी होती हैं बेटियाँ।।

-सोनाली भट्ट
बी०एससी० (पीसीएम), द्वितीय सेमेस्टर

जुनून

चिड़िया आकाश फतह कर गई,
एक जुनून के सहारे।
परिदें उड़ चले हैं,
एक मंजिल के बहाने।।

परिदें उड़ चले हैं,
एक सफलता के बहाने।
तितली सी जिंदगी में,
कुछ करने के सहारे।।

हवा जैसी चाल से,
मंजिलों की तलब के जाल में।
परिश्रमी मेहनत कर गया,
दुनिया पर नाम के बहाने।।

जुनून एक सपना होता है,
इस पागलपन से निकलना कठिन होता है।
हाथों से लिखी तकदीर होती,
कामयाबी मेहनत की गुलाम होती।।

बादल पर्वत छु चले,
बरसने के सहारे।
उड़ान की मेहनत खामोशी में,
जंग जीतने के सहारे।।

''जुनून वह है जिसमें किसी लक्ष्य के लिए कड़ी मेहनत कर उस लक्ष्य को प्राप्त करना ही जुनून है''

कु० एकता पंवार
बी०एससी० II सेमेस्टर

खुद (याद)

मन त बहुत करदु, फिर लौटिकी जोलु,
ऊं पहाड़ों मा, जु रह गिनी बस यादों मां।
जक चूल्हे की रोटी, गधन कु पाणी छ,
जक अपणोंक एहसास, दादा-दादियों कु कहानी छ।
ऊं पुगड़ों कु ककड़ी-चुराण,
फिर मिल-जुली खाण।
फुलवारी मक फुलों कुन जाण,
ऊं पुगड़ों मक फिर रूपणी लगाण।
छुटु सी मेरू गौं छ, जेकी यु कहानी छ,
जक हम बड़ा हुयाँ, जु मेरी एक निशानी छ।

किले छोड़ अयां हम पहाड़ों कु दामन,
बचपन कु याद और उ हंसदु सी आँगन।
बदलण छ हालात और कुछ इन परिस्थिति लाण,
सब कुछ छोड़िकी, वापस पहाड़ों म बस जाण।

-निकिता रावत
एम०एससी० (रसायन), IInd सेमेस्टर

नई शिक्षा नीति में राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व

(राष्ट्रभाषा हिन्दी दिवस पर पुरस्कृत भाषण)

पूरे राष्ट्र की आशा है,
हिंदी अपनी भाषा है।
जात-पात के बंधन को तोड़े,
हिंदी सारे देश को जोड़े।

सुप्रभात,

आदरणीय प्रधानाचार्य महोदय, शिक्षकगण एवं मेरे प्रिय सहपाठियों

आज में दीपा, (बी०एस०सी० तृतीय सेमेस्टर) की छात्रा आप सभी को हिंदी दिवस के इस शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। आज मैं आप सभी के समक्ष एक भाषण प्रस्तुत करने जा रही हूँ, जिसका शीर्षक है "नई शिक्षा नीति में राष्ट्र भाषा हिंदी का महत्व"

एक भाषा के रूप में हिंदी न केवल भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है।

शिक्षा की व्यवस्था हो चाहे व्यवस्था की शिक्षा दोनों ही स्थिति में भाषा का महत्व सर्वविदित है। व्यावहारिक जीवन शैली हो चाहे अध्ययनशीलता का ककहरा सीखना हो। भाषा के बिना सब व्यर्थ है। आधुनिक काल के कवि 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र' ने निज भाषा का महत्व बताते हुए क्या खूब लिखा है, वे लिखते हैं कि-

निज भाषा उन्नति अहै,
सब उन्नति के मूल,
बिन निज भाषा ज्ञान के,
मिटै न हिय के शूल।

अर्थात् मातृभाषा की उन्नति के बिना किसी भी समाज की तरक्की संभव नहीं है तथा अपनी भाषा के ज्ञान के बिना मन की पीड़ा को दूर करना भी मुश्किल है।

यदि आप अवगत हो देश में आज तकनीकी और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ अंग्रेजी पूरे देश पर हावी होती जा रही है। हिंदी देश की राजभाषा होने के बावजूद आज हर जगह अंग्रेजी का वर्चस्व कायम है। हिंदी जानते हुए भी लोग हिंदी में बोलने, पढ़ने या काम करने में हिचकने लगे हैं। इसीलिए सरकार का प्रयास है कि हिंदी के प्रचलन के लिए उचित माहौल तैयार की जा सके। जिसे ध्यान में रखते हुए 34 वर्ष बाद 2020 में जारी की गई शिक्षा नीति ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा, प्राथमिकी शिक्षा में निज भाषा (मातृभाषा) की अनिवार्यता को अपनाकर भारत भर में निज भाषा के महत्व को प्रतिपादित किया है।

नई शिक्षा नीति में हिंदी भाषा को भी सम्मिलित किया गया है तथा इसके कुछ लाभदायक परिणाम देखने को मिलेंगे.....

1. नई शिक्षा नीति में पांचवी कक्षा तक मातृभाषा यानी हिंदी भाषा में पढाई के माध्यम रखने की बात कही गई है, मातृभाषा में पढ़ाई से बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में विषयों को अच्छे से समझ पाएंगे।
2. हिंदी भाषा और संस्कृति से जोड़कर बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे।
3. मातृभाषा में शिक्षण हर भारतीय को भारत से जोड़ने और विश्व को समझने में सक्षम बनाएगा। और यही सब हिंदी के प्रभुत्व को स्थापित करते हुए भविष्य में हिंदी युग की स्थापना का कारक बनेगा।

अंततः शब्दों को विराम देते हुए कुछ पक्तियाँ कहना चाहूँगी कि.............

हिंदी में है चेतना, हिंदी में है प्राण,
हिंदी में है देश का, स्वाभिमान सम्मान।
हिंदी सूर कबीर है, हिंदी है रसखान,
आओ सभी मिलकर करें, हिंदी का उत्थान

धन्यवाद आप सभी का दिन मंगलमय हो,
जय हिंद, जय भारत!

- दीपा बिष्ट
बी०एससी०, IIIrd सेमेस्टर

नई शिक्षा नीति में राष्ट्रभाषा हिन्दी का महत्व

(राष्ट्रभाषा हिन्दी दिवस पर पुरस्कृत भाषण)

हिन्दी मेरा ईमान है, हिन्दी मेरी पहचान है।
हिन्दी हूँ मैं, वतन भी मेरा हिन्दुस्तान है ।
हिन्दी से हिन्दुस्तान है, तभी तो मेरा देश महान है।
अपनी निज भाषा राष्ट्रभाषा हिन्दी के लिए
मेरा सर्वस्व बलिदान है।

इसी राष्ट्रभाषा की उन्नति को ध्यान में रखते हुए व भारतीय शिक्षा व्यवस्था को व्यवस्थित व क्रमबद्ध रूप से आगे बढ़ाने के लिए भारत सरकार ने नई शिक्षा नीति 2020 लागू करने की घोषणा की है। नई शिक्षा नीति 2020 में भाषा के सम्बन्ध में उत्पन्न उन सभी सवालों को समझा गया व नई शिक्षा नीति का हिस्सा बनाया गया। जिस पर अमूमन पूरे देश में प्रत्येक हिन्दी दिवस पर चर्चा होती आ रही है। इस नीति के अंतर्गत राजभाषा आयोग 1955 की सिफारिशों में से एक-'भारतीय भाषाओं के ज्ञान और सीखने की सिफारिश को शामिल किया गया है। नई शिक्षा नीति 2020. 34 वर्षों बाद व्यापक स्तर पर भाषा के विकास के सवालों को उठाती है जो उससे पूर्व 1968 के कोठारी आयोग व 1986 की राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मुखर होकर नहीं उठाए गए थे।'

इस नीति से न सिर्फ भाषाएं समृद्ध होगी बल्कि हमारे देश की युवा पीढ़ी भी भाषाई बंधनों से आजाद होकर अपनी मातृभाषा/क्षेत्रीय भाषा/ स्थानीय भाषा व हिन्दी भाषा के माध्यम से नए रास्तों की तलाश करेगी।

शिक्षा में 'मातृभाषा की अनिवार्यता' की महत्ता को समझते हुए सन् 1937 ई० में 'वर्धा शिक्षा योजना' के अन्तर्गत गांधी जी ने कहा था- ''मेरी मातृभाषा में कितनी भी खामियां क्यों न हो, मैं उससे उसी प्रकार चिपका रहूंगा जिस प्रकार एक माँ अपने नवजात शिशु से, क्योंकि यह मुझे जीवनदायिनी दूध देती है।''

उस समय के गांधी जी के बौद्धिक विचार जो मात्र बहस का हिस्सा बनकर रह गये थे। आज नई शिक्षा नीति में उनके सफल होने की उम्मीद दिखाई दी है।

नई शिक्षा नीति के तहत त्रिभाषा फार्मूला, जो पहले भी कोठारी आयोग द्वारा उठाया जा चुका है, उसे अधिक सशक्त बनाने की कोशिश की गई है। साथ ही, इस नीति के तहत कक्षा 5 तक, सम्भव हो तो कक्षा 8 तक बच्चों की पढाई का माध्यम उनकी अपनी मातृभाषा, क्षेत्रीय/स्थानीय भाषा व हिन्दी भाषा को बनाने की मुहिम की गई है। इससे न सिर्फ हिन्दी भाषा जो विदेशी भाषाओं की चोट से डूब सी गई है, को पुनः जीवनदान मिलेगा, बल्कि एक छोटा बच्चा, अपने घर की भाषा में पढ़ेगा तो जल्दी आगे समझ में आएगा।

कोई भी राष्ट्र तब तक मजबूत नहीं होता जब तक उसकी जमीन अर्थात् उसके जन विकसित नहीं होते। हमारी भाषा हिन्दी इसी बड़े व व्यापक जनसमूह का प्रतिनिधित्व करती है। जब यह जन समूह विकसित होगा तो इसका प्रतिनिधित्व करने वाली हिन्दी भाषा भी स्वतः मजबूत होगी। हिन्दी का शब्दभण्डार तो उसकी मातृभाषा, क्षेत्रीय बोलियों में ही है। ऐसे में बहुभाषिकता हमारी कमजोरी नहीं बल्कि विशेषता है।

डॉ० जाकिर हुसैन ने कहा है ''हिन्दी तो वह धागा है जो विभिन्न मातृभाषाओं रूपी फूलों को पिरोकर भारत माँ के लिए सुंदर हार का सृजन करेगा।''

हिन्दी तो शुरुआत से ही भारत माँ को सजाती आयी है।

कवियों की वाणी में कहे तो-

''हिन्दी से मेरी भारत माँ इस कदर निखर गई, एक बिंदी से जैसे कोई नई-नवेली दुल्हन संवर गई।''

हमारे देश में लगभग 18 करोड़ लोगों की पहली भाषा हिंदी है, लगभग 30 करोड़ लोगों की दूसरी भाषा हिंदी है। दुनिया में लगभग 150 देशों में हिंदी बोली जाती है। जब देश-दुनिया की तमाम बड़ी कंपनियां हिंदी को अपने असीमित बाजार के रूप में देख रही हैं तब हम क्यों खुद ही अपनी हिंदी की शक्ति को भुलते जा रहे हैं। वर्ल्ड इकॉनॉमिक फॉरम की एक रिपोर्ट 'पावर लैंग्वेज इंडेक्स' के तहत दावा किया गया है कि अगले दो दशकों में हिन्दी भाषा को टॉपमोस्ट ग्लोबल लैंग्वेज (Topmost Global Language) की उपाधि दी जाएगी।

''बनने चली विश्व भाषा जो
क्यों अपने ही घर की दासी है
सिहांसन पर विदेशी भाषा है

लखकर दुनिया हँसी है।''

हद तो तब पार हो जाती है जब भारत के ही किसी कान्वेन्ट स्कूल में हिंदी बोलने पर बच्चे पर फाइन लगाकर प्रताड़ित किया जाता है, उनके अपनी संस्कृति, परिवेश से उनकी जड़े काटने की कोशिश की जाती है। हर पल हर दिन हिन्दी बोलने वालों का अपमान करते हैं, क्यों सिर्फ हिन्दी दिवस पर ही हिन्दी बचाओ का आह्वान करते हैं।

राजेन्द्र प्रसाद जी ने कहा है- जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं वह उन्नत नहीं हो सकता।

अन्त में हिन्दी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इतना ही कहना चाहूंगी-

माँ भारती के भाल का श्रृंगार है हिन्दी
हिंदोस्ता के बाग की बहार है हिन्दी
घुट्टी के साथ घोल माँ ने पिलाई थी,
स्वर फूट पड़ रहा, वही मल्लार है हिंदी
तुलसी, कबीर, सूर और रसखान के लिए
ब्रह्मा के कमंडल से बही धार है हिन्दी
सिद्धान्तों की बात से न होगा भला
अगर अपनाएंगे न रोज के व्यवहार में हिन्दी
कश्ती फँसेगी जब कभी तुफानी भंवर में
उस दिन करेगी पार वो पतवार है हिन्दी
माना कि रख दिया है, संविधान में मगर
पन्नों के बीच आज भी तार-तार है हिन्दी
सुन कर के तेरी आह 'व्योम' थरथरा रहा,
वक्त आने पर बन जाएगी तलवार ये हिन्दी।।

जय हिंद, जय भारत।।

- पलक देशवाल
बी०ए०, Vth सेमेस्टर

"श्री राम भजन"

श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री काना।
तेरा नाम जपूँ, सुबह शाम जपूँ, मैं रामा।
तेरे चरण पड़े अहिल्या तरे मुझको भी तरो ए रामा।
श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री काना, तेरा नाम जपूं मैं रामा।।
तेरे हाथ बढ़े शिव धनुष टूटे, टूटे परशुराम अभिमाना।
श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री काना, तेरा नाम जपूं मैं रामा।।
पिता वचन बड़े बनवास चले, चले रघुकुल रीत निभाने।
संग लक्ष्मण चले चली जानकी संग, पत्नी धर्म निभाना।
वन में शंकट घने, श्री हनुमान मिले सब शंकटों से है तारा।
श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री काना, तेरा नाम जपूं मैं रामा।।
जब विभीषण मिले राम जप करते मिले तब रावण कुल को तारा।
श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री काना, तेरा नाम जपूं मैं रामा।।
बनवास कटे अयोध्या सजे, घर-घर दीप जले हैं रामा, प्रभु घर-घर दीप जले रामा।
श्री राम हरे, श्री कृष्ण हरे, हरे-हरे श्री कान्हा, तेरा नमा जपूं मैं रामा।।

(शशिप्रकाश कोटनाला)
रसायन विज्ञान विभाग

Emerging Trends and Career Opportunities in the Field of Linguistics

Language is a medium of expression and comprises a scientific system of communication. Most of us generally associate the study of language with merely the functional use of it and rarely we try to penetrate over the nature and behavior of language. To reveal the beauty of language and its relationship with other languages comes under the terrain of 'linguistics'. Linguistics is a scientific study of language. Finegan & Besnier defines linguistics as "the scientific enquiry into human language... into its structure & uses and into the relationship between them."

Before delving deep into the emerging fields of linguistics, students should be made aware about those areas which are not included in linguistics. Generally students relate it with the study of 'Grammar and Pronunciation'. On the basis of 'unlearn, learn and relearn' principle an effort has been made to define linguistics.

What is not included in the field of 'linguistics' -

- Most people find difficulty in using language; sometimes they do not find the right words to express themselves and many times people face difficulty in pronouncing words. Linguistics doesn't help in solving the problems of language users.
- A few people have fascination towards learning new languages and games related to language such as scrabble and crosswords. All such activities do not fall into the field of linguistics. Linguistics is not an informal interest in language, however strong that interest may be. Linguistics is a scientific and formal study of language.
- Use of language in writing books, advertising, translating works do not come under the category of linguistics.
- Lexicographers who work on the use of words, philologists look at how languages change over time and philosophers write about the relationship between thought and language. Linguists are not interested in language for some other purposes but they are interested in language for 'studying language itself'.

Linguistics is a field which classifies and analyses language at various levels. These levels are as follows-

Phonetics	The study of articulation and perception of speech sound
Phonology	The patterning of speech sounds
Morphology	The formation of words
Syntax	The formation of phrases and sentences
Semantics	The interpretation of words and sentences

There are many interdisciplinary fields of linguistics in which various roles are available for students and they can pursue their career in the respective fields. Some of them are as follows-

- Clinical Linguistics- To analyze disorders in spoken, written and signed language, the application and methods of linguistic theories are used.
- Educational Linguistics-To teach and learn especially the first language in schools and other educational settings, knowledge of linguistics is required.
- Geographical Linguistics-The study of

the regional distribution of languages and dialects are analyzed in terms of geographical factors.

- Mathematical Linguistics-The study of mathematical properties of language using concepts from such fields as Algebra, Computer Science, and Statistics.
- Neurolinguistics- This branch takes up the study of brain's control over the processes of speech and understanding.
- Psycholinguistics-The study of the relationship between linguistic behavior and the psychological processes (memory, attention) thought to underline it.
- Sociolinguistics-The relationship between language and the structure & functioning of society is studied in this field.



Dr. Anupam Sanny
Assistant Professor
Department of English

Ideal Woman-live for Yourself

You are there within as much as outside
Your life speaks louder than a thousands words
Unburden your sorrow, focus on your stride
Unravel your fire to the haughty world
Speak your heart out- loud and clear
Unleash the angels asleep that compulsively smile
Unmask the anguish , open the gates of your soul
Let the waters flow freely
Don't let your soft, stark shoulders droop
Don't pretend to please the hypocritical world
Ideal is for ideal you're just you-
Beauty, enigma, an emblem of grace
Let the conflicts within you die
Step forward and take a leap, whatever it takes to be a Woman
Unshackle yourself from the fetters of expectations and bury the past
Follow your passions, and give vent to your inhibited desires
Take control of your heart, assert you identity
Live for yourself lady! Now never.

Dr. Jyoti Pandey
Associate Professor & Head
Department of English

Fibonacci Number: A Wonder of Mathematics

In the 12th century, the Italian Mathematician, Leonardo of Pisa, also known as Fibonacci, made a groundbreaking contribution to Mathematics by introducing the Fibonacci sequence. This sequence, defined by the recursive relation begins with 0, 1, 1, 2, 3, 5, 8, 13, and continues indefinitely. Fibonacci's work in this area, found in his book *Liber Abaci,* has had a lasting impact and is renowned for its applications in various domains such as computer science, biology, and art due to its intriguing mathematical properties and connection to the Golden Ratio. Fibonacci numbers—those intriguing digits that seem to pop up in the most unexpected places. Whether you're admiring a sunflower's spirals or marveling at the stunning architecture of ancient structures, these numbers are more than mere mathematical curiosities. They hold secrets that tie together art, nature, and even economics. As we delve into the fascinating history of Fibonacci numbers and their connection to the golden ratio, we will uncover how they shape our world in ways you might never have imagined. This article will explore real-world applications that demonstrate just how impactful these seemingly simple numbers can be.

The Fibonacci sequence begins with 0 and 1, where each subsequent number is the sum of the two preceding ones. This pattern creates a series that grows ever larger but in a fascinating way. As you move along this sequence, you will notice an interesting relationship emerging between consecutive numbers. Divide any Fibonacci number by its predecessor, and you'll find that as you progress further into the series, this ratio approaches the golden ratio—approximately 1.6180339887. This mathematical connection goes beyond mere numbers; it reflects balance and harmony found in nature and art. The golden ratio often appears in designs, structures, and even human anatomy. So next time you see patterns in shells or spirals in galaxies, consider how these Fibonacci numbers play their part behind the scenes. Their link to the golden ratio reveals deeper truths about aesthetics and growth all around us.

The history of Fibonacci numbers begins in the early 13th century. An Italian mathematician named Leonardo of Pisa, known as Fibonacci, introduced these numbers to the Western world through his book *Liber Abaci*.

Fibonacci was inspired by earlier Indian mathematics. The sequence itself starts with zero and one, each subsequent number being the sum of the two preceding ones. This simple yet profound series captivated scholars. In his work, Fibonacci illustrated a problem involving rabbit populations. He demonstrated how quickly they could grow under ideal conditions using this sequence. Over centuries, these numbers began to appear across various disciplines–art, nature, and architecture–showing their universal appeal beyond mere calculations. Their connection to growth patterns in flora sparked interest among botanists and mathematicians

alike.

Early references of Fibonacci Number is found in following Indian ancient text,

Acharya Pingala (circa 400-200 BCE): The earliest known reference to a sequence resembling Fibonacci numbers is attributed to Pingala in his work *Chandahs-astra*. He explored combinations of syllables in poetic meters, which led to the development of a binary-like system. The sequence he described, known as the m¯atr¯ameru, includes numbers that align with what we now call Fibonacci numbers.

Virahanka (circa 600-800 CE): Following Pingala, Virahanka provided a more explicit formulation of the Fibonacci sequence. His work is unfortunately lost but is known through later scholars like Gopala, who referenced it in the 12th century. Virahanka's contributions included methods for generating these numbers, establishing the recursive relationship $F_{n+1} = F_n + F_{n-1}$, for $n \geqslant 2$, $F_0 = 0$, $F_1 = 1$, $F_2 = 1$ that defines the sequence.

Gopala and Hemacandra (circa 11th 12th centuries CE): Gopala and Hemacandra further elaborated on the Fibonacci sequence, integrating it into their mathematical frameworks. Hemacandra's work, particularly, is noted for its systematic approach to these numbers in the context of combinatorial mathematics.

Narayana Pandita (1356 CE): Narayana established a connection between Fibonacci numbers and multinomial coefficients in his works, demonstrating the broader mathematical implications of these sequences in combinatorics. Fibonacci numbers have fascinating real-world applications that extend far beyond mathematics. They appear in nature, art, and even finance.

In Biology, these numbers often describe patterns of growth. For instance, the arrangement of leaves around a stem follows Fibonacci sequences to maximize sunlight exposure. The branching of trees and the arrangement of pine cones also exhibit this pattern.

Artists and architects use Fibonacci numbers to create visually pleasing compositions through the golden ratio. This ratio is derived from the sequence itself and provides balance and harmony in design. Famous structures such as the Parthenon incorporate these principles.

Even in stock market analysis, traders utilize Fibonacci retracement levels to predict potential reversal points in price movements. By recognizing patterns inspired by this mathematical marvel, they can make informed decisions about buying or selling assets.

Understanding Fibonacci numbers enriches our perception of both natural phenomena and human creations. Their presence across various disciplines illustrates how interconnected our world truly is.

Prof. (Dr.) Sanjay Kumar Padaliya
Head
Department of Mathematics

The Use of Electricity to Control Human Gene Expression

Swiss scientists have engineered human cells to respond to an electrical current, which could pave the way for the development of wearable medical devices. The findings, published in *Nature Metabolism*, demonstrated that an 'electrogenetic' interface can be used to treat a mouse model of type 1 diabetes.

This technology, referred to as the 'Direct Current (DC)-actuated regulation technology,' or DART, is an 'interface between the electrical world and the genetic world' according to senior author, Professor Martin Fussenegger from the Swiss Federal Institute of Technology, Zurich. He and his co-authors described the findings as a leap forward, representing the missing link that will enable wearables to control genes in the not-so-distant future. In this experiment, the bioengineered cells were implanted into an experimental type 1 diabetes mouse model, and the electrogenetic interface was used to activate the production of insulin, a key hormone in regulation of blood sugar, leading to restoration of its normal levels in the bloodstream.

DART works by activating a chain reaction: when an electric current is applied to cells, a naturally occurring molecular oxygen form called reactive oxygen species (ROS) is generated. ROS can potentially damage cells, and so its presence causes activation of a gene that makes an antioxidant, which in turn deactivates ROS. The researchers used this natural feedback mechanism, and inserted a therapeutic gene (in this case, one to make insulin) with the same promoter that the gene that makes the antioxidant has. Thus, when the electrical current is applied to the cells, the inserted gene is expressed and insulin is produced. They were able to show that implanting bioengineered human cells containing these genes below the skin of mice with high blood sugar, and then activating them with a battery and acupuncture needles caused insulin release and blood sugar levels to d



